श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 168, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 17 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस आम आदमी पार्टी का साथ देने के लिए तैयार, विपक्ष की बैठक में हिस्सा लेगी आप

# विपक्षी एकता हुई मजबूत

**नई दिल्ली: केंद्र** के अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस आम आदमी पार्टी का साथ देने के लिए तैयार हो गई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने स्पष्ट रूप से केंद्र सरकार के अध्यादेश का विरोध करने की बात कही है। आप सांसद राघव चड्ढा ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली अध्यादेश का स्पष्ट विरोध करने की घोषणा की है। यह एक सकारात्मक विकास है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हम दिल्ली में केंद्र के अध्यादेश का विरोध करेंगे। हमारा रुख बहुत स्पष्ट है, हम दिल्ली अध्यादेश का समर्थन नहीं करने जा रहे हैं। कल विपक्ष की बैठक बेंगलुरु में होने वाली हैं और इस बैठक में शायद केजरीवाल शामिल होंगे। जिसके बाद अब माना जा रहा है कि आम आदमी पार्टी बेंगलुरु में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हो सकती है। हालांकि, इससे पहले आम आदमी पार्टी ने आज शाम चार बजे राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक बुलाई है। पंजाब के सीएम भगवंत मान भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएसी बैठक में शामिल होंगे। बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक में हिस्सा लेने का फैसला बैठक के बाद लिए जाने की संभावना है। 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी का चुनावी रथ रोकने के लिए बेंगलुरू में 17-18 जुलाई को विपक्षी एकता की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें कई विपक्षी पार्टियां शामिल होंगी। लेकिन अभी तक इस बैठक को लेकर आम आदमी पार्टी का रुख साफ नहीं हुआ है। आप लगातार कह रही थी कि कांग्रेस को दिल्ली अध्यादेश पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए और उसके बाद ही वह विपक्षी दलों की अगली बैठक में शामिल होने पर फैसला करेगी। लेकिन अब माना जा रहा है कि आम आदमी पार्टी विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होगी।

विपक्ष की बैठक में आप हिस्सा लेगी

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में होने वाली विपक्ष की बैठक में आम आदमी पार्टी हिस्सा लेगी।

सांसद ने कहा कि बैठक में कई पहलुओं पर चर्चा हुई। केन्द्र सरकार के द्वारा लाया गया अध्यादेश राष्ट्र विरोधी है।

सांसद चड्ढा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने इस अध्यादेश के खिलाफ तमाम राजनैतिक पार्टियों का सहयोग मांगा और उन्होंने इस पर हमारा सहयोग किया, कांग्रेस पार्टी ने भी इस अध्यादेश के खिलाफ विरोध दर्ज कराया है।



## राजग में ओम प्रकाश राजभर का स्वागतः भूपेन्द्र चौधरी

**लखनऊ। भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) परिवार में आने का स्वागत किया है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके आगमन से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्कृष्ट नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के संकल्प के प्रयास को और बल मिलेगा। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने भी राजग का हिस्सा बनने के लिए ओम प्रकाश राजभर का स्वागत किया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि ओम प्रकाश राजभर अनुभव वाले नेता हैं और उत्तर प्रदेश में उनके अनुभव का लाभ आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा और गठबंधन को मिलेगा।

## चंडीगढ़ की बापूधाम कालोनी में शैल बम मिलने से हड़कंप

**चंडीगढ़: चंडीग**ढ़ के सेक्टर-26 में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब यहां घनी आबादी वाले क्षेत्र बापूधाम में एक बम शैल पड़ा दिखा। इस तरह के बम शैल का इस्तेमाल सेना में किया जाता है। आशंका जताई जा रही है कि यह बाढ़ के पानी में बहकर कहीं पीछे से यहां आ गया है।


चंडीगढ़ पुलिस के मुताबिक सुखना में कुछ बच्चे नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान उनकी नजर बम शैल पर पड़ी। वह इसे उठाकर शास्त्री नगर की तरफ ले आए। जिसके बाद पता चला कि यह बम है।

फिर सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद आईटी पार्क की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बम शैल को रेत की बोरियों से कवर कर दिया है। पुलिस ने मनीमाजरा से सेक्टर 26 की तरफ आने वाली सडक को बंद कर दिया है।

चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर के अनुसार इस बारे में सेना के चंडीमंदिर मुख्यालय को सूचित कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस तरह का बम शैल का इस्तेमाल सेना द्वारा किया जाता है। सेना इसकी जांच करके अगली कार्रवाई करेगी।

## 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सहयोगियों को अपने पाले में लाने में जुट गए अमित शाह

**लखनउ** , 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ, सत्तारूढ़ भाजपा ने चतुर और राजनीतिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पूरी तरह से अभियान मोड को अपना लिया है। शाह ने आगामी चुनावों की तैयारी में पार्टी की स्थिति को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कोई समय बर्बाद नहीं किया है। जीत की अपनी निरंतर खोज में, भाजपा सक्रिय रूप से नए गठबंधनों की तलाश कर रही है, कोई कसर नहीं छोड़ रही है। और एक उल्लेखनीय उपलब्धि में, शाह ने सुभासपा के प्रभावशाली नेता ओपी राजभर का भाजपा के पाले में सफलतापूर्वक स्वागत किया है, एक ऐसा कदम जो उत्तर प्रदेश की जटिल जातिगत गतिशीलता में बहुत महत्व रखता है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का विस्तार करके और अपनी पार्टी को मजबूत करके, शाह के चतुर दृष्टिकोण में विभिन्न जातीय समीकरण पर प्रभाव रखने वाले प्रभावशाली नेताओं को आकर्षित करना शामिल है।



हाल ही में, पूर्वांचल के एक प्रमुख ओबीसी नेता दारा सिंह चौहान ने अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया, जिससे अटकलें लगाई गईं कि वह अमित शाह के साथ अपनी पिछली बैठक के बाद भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

जबकि उत्तर प्रदेश विशेष महत्व रखता है, शाह का ध्यान बिहार पर भी केंद्रित है, जहां उन्होंने राम विलास पासवान के बेटे चिराग पासवान को एनडीए में शामिल होने में सफलतापूर्वक सहायता की है, संभवत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उनके लिए कैबिनेट में जगह भी हासिल की है। इसके अलावा, बिहार के एक अन्य प्रमुख सहयोगी, सम्मानित दलित नेता जीतन राम मांझी ने भी भाजपा के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है।

## 'अब विकासशील देशों की दृष्टि से आगे बढ़ेगा ग्लोबल एजेंडा'

**नई दिल्ली: वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण की ओर से रविवार को कहा गया कि जी20 के तहत भारत ग्लोबल एजेंडा को विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था की दृष्टि से आगे बढ़ाएगा। भारत मौजूदा समय में जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है।

गुजरात के गांधीनगर में जी20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की तीसरी बैठक में सीतारमण ने कहा कि मुझे लगता है कि यह डायलॉग वैश्विक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में योगदान करते हुए भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच कॉरपोरेशन को बेहतर करेगा।



भारत और इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था में समानताएं: इस दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। हम जी-20, डब्लूटीओ और ईस्ट एशिया सबमिट का हिस्सा है। भारत ने जी20 की अध्यक्षता इंडेनेशिया से ली है। हम अपनी अध्यक्षता में कई अहम मुद्दों को जी 20 में रखेंगे।

एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक को दी सलाह: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक को सुझाव दिया गया कि सदस्य देशों की इन्फ्रास्ट्रक्चर आवश्यकता को देखते हुए फाइनेंस के इनोवेटिव तरीकों को उपयोग करना चाहिए। सीतारण की ओर से अध्यक्ष जिन लिकुन से मुलाकात भी की और इस दौरान कई अन्य वैश्विक मुद्दों पर भी उनके साथ बातचीत की गई। साथ ही उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और भारत के अन्य सीमावर्ती राज्यों में भारतीय परियोजनाओं की मंजूरी से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा की।

## 'बिहार में नीतीश कुमार कोई फैक्टर है ही नहीं'

**पटना। बिहार में** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर एक बार फिर महागठबंधन पर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने लालू प्रसाद यादव और प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा है। उनका कहना है कि बिहार में महागठबंधन जैसी कोई चीज ही नहीं है। भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने एक साक्षात्कार में कहा कि देखिए महागठबंधन नाम की कोई चीज बिहार में है नहीं। लालू जी से लड़ना है। लालू जी से लड़ेंगे, नीतीश कुमार बिहार की राजनीति में कोई फैक्टर है नहीं। बिहार में 40 की 40 सीट जीतेंगे। लालू की अराजकता को बिहार ने देखा है, क्योंकि नीतीश कुमार अब कोई फैक्टर नहीं हैं इसलिए बिहार की राजनीति में कोई बहुत बड़ी लड़ाई होना नहीं है। बता दें कि विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान पटना में हुए लाठीचार्ज और उस दौरान हुई भाजपा नेता विजय सिंह की मौत को लेकर बिहार में सियासी माहौल गर्म है।

## 'अशांति फैलाने के लिए अपने नेताओं को मणिपुर भेज रही कांग्रेस'



**नई दिल्ली: केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने मणिपुर हिंसा को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में हिंसा बढ़ाने की कोशिश की है। पिछले 10 दिनों से राज्य में शांति बनी हुई है और कई लोगों ने भी अपने हथियार डाल दिए हैं। दरअसल, केंद्रीय मंत्री हिमाचल प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे हैं।

सामान्य जीवन की ओर बढ़ रहे लोग: अनुराग ठाकुर ने मणिपुर हिंसा को लेकर मीडिया के सामने कहा कि मणिपुर में पिछले 10 दिनों में कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई है, लेकिन कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं को वहां भेज कर फिर से अशांति फैलाने का काम कर रही है, जो निंदनीय है। उन्होंने कहा, "कुछ लोग हैं, जो देश में शांति नहीं देखना चाहती है, उनमें से एक कांग्रेस पार्टी है। अगर नॉर्थ-ईस्ट में कही हथियार डालने का काम हुआ था, तो वो मोदी जी के कार्य के समय हुआ, शांति बढ़ाने का काम भी हुआ है और कई शांति समझौते भी हुए। बहुत सारे लोगों ने जिन्होंने हथियार उठाने का काम किया था, उन्होंने हथियार डाले भी हैं। पिछले 10 दिनों से मणिपुर में कोई अप्रिय घटना नहीं घटी है। पिछले कुछ दिनों में कांग्रेस ने अपने नेताओं को भेजकर, जो अशांति फैलाने का काम किया है, जो किसी भी मंजूर नहीं होनी चाहिए, उसकी तो जितनी निंदा की जाए उतनी कम है।"

मई की शुरूआत से हो रही झड़प: गौरतलब है कि अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने के मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 3 मई को 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए ।

## अब पटरी से उतर चुकी है समाजवादी पार्टी: ब्रजेश पाठक

**वाराणसी: उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के वापस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में आने पर एनडीए परिवार की संख्या बढ़ी है और गठबंधन भी मजबूत हुआ है। बिहार में भाजपा कार्यकर्ता की मौत के सवाल पर पाठक ने कहा कि यह बहुत ही दुःखद है। विरोधी दलों के भाजपा पर हमले को लेकर पूछे गए सवाल पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी अब पटरी से उतर चुकी है। उनके पास कहने-सुनने को कुछ है ही नहीं। जनता ने उन्हें हाशिए पर धकेल दिया है। कांग्रेस की भ्रष्टाचार वाली नीतियों के कारण हाशिए पर है। उनके पास करने को कुछ बचा ही नहीं है। वह रविवार को एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी आए उपमुख्यमंत्री सर्किट हाउस में मीडिया से रूबरू थे। उन्होंने दावा किया कि ओमप्रकाश राजभर के आ जाने के बाद उत्तर प्रदेश में लोकसभा की सभी 80 सीटों पर एनडीए की जीत होगी। इसके पहले वाराणसी के बाबतपुर स्थित लालबहादुर शास्त्री अन्तर राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उपमुख्यमंत्री पाठक का स्वागत राज्यमंत्री।

### एनडीआरएफ ने प्रगति मैदान में चलाया बचाव अभियान, यातायात बाधित

## दिल्ली के कई इलाके अब भी जलमग्न

**नई दिल्ली: भारी** बारिश और हरियाणा से छोड़े गए पानी के चलते यमुना उफान पर है। देश की राजधानी दिल्ली में बाढ़ का कहर अभी भी बरकरार है। अभी भी यमुना नदी का जलस्तर अब भी खतरे के निशान के पार है।अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीमों ने शनिवार देर रात प्रगति मैदान के पास निचले इलाकों में बचाव अभियान चलाया, क्योंकि यमुना नदी में लगातार उफान जारी है। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। जलभराव के कारण आसपास के इलाके और कई प्रमुख सड़कें प्रभावित हैं। बचाव अभियान पर अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। इस बीच, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के कर्मचारियों ने सुप्रीम कोर्ट क्षेत्र के पास मथुरा रोड से पानी निकालने के लिए एक विशेष अभियान चलाया यह अभियान देर रात चली क्योंकि शनिवार को भारी बारिश के कारण आस-पास के इलाके और प्रमुख सड़कें जलमग्न हैं।



सैकड़ों लोगों ने मयूर विहार के राहत शिविर में बिताई रात : निचले इलाकों से बचाए गए सैकड़ों लोगों ने मयूर विहार के राहत शिविर में रात बिताई। वहीं शनिवार को दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में जलभराव और यातायात जाम हो गया। शनिवार देर रात जारी दिल्ली यातायात पुलिस की सलाह के अनुसार, कुछ सड़कों पर जलभराव और पेड़ों के उखड़ने के कारण यातायात प्रभावित हुआ है।

### मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच से बदली विंध्यधाम की सूरत, खुलेंगे तरक्की के द्वार, अब तंग गलियां व उबड़-खाबड़ रास्ते नहीं, आकर्षक प्रवेश द्वार करेंगे श्रद्धालुओं का स्वागत

## निखर उठा सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट, मूर्तरूप लेने लगा विंध्य कॉरिडोर

**मीरजापुर: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कॉरिडोर गुलाबी पत्थर की आभा से निखर उठा है। अब विंध्य कॉरिडोर मूर्तरूप लेने लगा है। लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो गया है यानी विंध्य कॉरिडोर का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। अब बस उसे सजाने का काम चल रहा है। भूमिगत नाली, पानी व विद्युत व्यवस्था शेष है, जो जल्द ही पूर्ण कर ली जाएगी। हालांकि दिसंबर 2023 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री की इच्छाशक्ति व दूरगामी सोच से विंध्यधाम की सूरत बदलेगी ही, तरक्की के द्वार भी खुलेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के बाद अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट विंध्य कारिडोर का अद्भुत, अलौकिक व अविस्मरणीय स्वरूप जल्द ही देश-दुनिया के सामने होगा। आदिशक्ति जगज्जननी मां विंध्यवासिनी धाम का नया स्वरूप धार्मिक संकल्पना को साकार करेगा ही, कला-संस्कृति की झलक भी दिखेगी। विंध्य कॉरिडोर का निर्माण होने से जिस प्रकार विंध्यधाम का अकल्पनीय विस्तार हुआ, उसी प्रकार पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। संकरी व तंग गलियां, उबड़-खाबड़ रास्ते नहीं, अब आकर्षक प्रवेश द्वार देश-विदेश से विंध्यधाम आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। यही नहीं, विश्व प्रसिद्ध मां विंध्यवासिनी धाम आने वाले श्रद्धालुओं को आस्था के सम्मान के साथ विश्व स्तरीय सुविधाएं भी मिलेंगी।



भक्ति-भावना के साथ दिन-रात काम कर रहे हैं विभिन्न प्रांत के कारीगर: विंध्यवासिनी मंदिर के चारों तरफ 50 फीट चैड़ा दो मंजिला परिक्रमा पथ निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। सड़कों के चैड़ीकरण का काम भी लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो गया है।

## हरेला पर्व प्रकृति और मानव के सह अस्तित्व को स्मरण दिलाने का दिन : सीएम धामी

**देहरादून: मुख्यमंत्री** ने कहा कि हरेला सामाजिक सद्भाव का पर्व और ऋतु परिवर्तन का भी सूचक है। यह दिवस प्रकृति और मानव के सह अस्तित्व को स्मरण करने व प्रकृति संरक्षण के हमारे प्रण को पुनः दोहराने का दिन है। इस बार राज्य में हरेला पर्व की थीम जल संरक्षण और जल धाराओं का पुनर्जीवन निर्धारित की गई है। इस दिशा में सभी को योगदान देने के लिए अपील की।

रविवार को हरेला पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर में जल संरक्षण एवं जल धाराओं के पुनर्जीवन थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पौधे लगाए। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास करने वाले स्कूलों एवं वन पंचायतों को सम्मानित भी किया।



## खबर संक्षेप

### नैनी पुलिस द्वारा अपहरण के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता सकुशल बरामद

**नैनी।** नैनी पुलिस द्वारा अपहरण के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अपहता सकुशल बरामद किया।मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधिकारियों के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक नैनी वीरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में नैनी थाने में मु0 अपराध संख्या 288/2023 धारा 363/366 भा0द0स0 के वांछित अभियुक्त रावींन सिंह पुत्र धनीराम निवासी कोरवारा थाना कुंभेर जनपद भरतपुर राजस्थान को रविवार को चाका ब्लाक के सामने से गिरफ्तार किया गया। अपहता को सकुशल बरामद किया गया। मुकदमा में पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। गिरफ्तारी के बाद नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई।

# सड़क दुर्घटना में घायल कावरिया की इलाज के दौरान मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**नगरपंचायत सिरसा कस्बे के दो कांवरिया बाइक से प्रयागराज जल भरने के लिए जा रहे थे**

अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के नगरपंचायत सिरसा में घायल कावरिया की इलाज दौरान मौत मेजा थाना क्षेत्र के नगरपंचायत सिरसा कस्बे के दो कांवरिया बाइक से प्रयागराज जल भरने के लिए जा रहे थे। दोनों जैसे ही लोहारी गांव के काली माई मन्दिर के सामने पहुंचे सड़क पर विपरीत दिशा से आ रहे साइकिल सवार को बचाने में खड्ड में चला गया। जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोट आ गई। वही गस्त में निकले थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय को घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच दोनों घायलों को सीएचसी रामनगर ले गए। घटना की सूचना जैसे ही इलाकाई पुलिस को हुई चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश कुमार पुलिस टीम के साथ सीएचसी रामनगर पहुंच गए। हालत गंभीर देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल भेज दिया। जिसमें एक घायल कांवरिया मुन्नालाल 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामखेलावन भारतीय निवासी निकट पुलिस चौकी सिरसा पूरा जगन्नाथ नगरपंचायत सिरसा की इलाज के दौरान हुई मौत हो गयी। वही साथी कृष्णा यादव 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय पुन्नू यादव सिरसा की हालत गंभीर मेजा थाना के जहां जल भरकर सिरसा स्थित श्री नाथ बाबा धाम में जलाभिषेक करना था। शाम 7 बजे के लगभग जैसे ही दोनों चौकीऊदिघिया मार्ग पर लोहारी गांव के काली माई मन्दिर के सामने पहुंचे दुर्घटना का शिकार हो गए। इस घटना से समूचे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

## नींद के झोंके में पेशाब करने उठा युवक की कुएं में गिरने से मौत

**मऊआइमा।** नींद के झोंकें में पेशाब करने उठा युवक अचानक कुआं में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जानकारी होने पर ग्रामीणो की मदद से शव कुआं से बाहर निकाला गया।ग्रमीणों ने उसके परिजनों के साथ घर पहुंचा दिए। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए अन्तिम संस्कार कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम नौगिरा छीमीताल निवासी राज कुमार यादव 38 वर्ष पुत्र राम कृपाल अरसे से अपने ननिहाल ग्राम बांकाजलालपुर में रहता था। बताते हैं कि उसके तीन पुत्र एक पुत्री हैं। बताया गया है कि बीती रात राज कुमार पेशाब करने उठा नींद के झोंकें में घर के सामने कुआं में गिर पडा। जिस के बारे में पत्नी को भी नहीं पता चला। रविवार को सुबह लोगों ने देखा कि कुआं में शव तैर रहा है। शव बाहर निकाले।तथा छीमीताल नौगिरा से उसके परिजन भी पहुंच गए।मृतक राज कुमार यादव के शव को छीमीताल नौगिरा लाए।और थोडी देर बाद शव को रसूलाबाद घाट पर अंतिम संस्कार कर दिए।इस बाबत मऊआइमा पुलिस का कहना है कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## समाजवादी पार्टी ने जारी किया ब्लाक अध्यक्षों की सूची

**हरिप्रसाद पाल को कोरांव ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर सपाइयों में हर्ष**

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार पप्पू लाल निषाद जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रयागराज यमुनापार के द्वारा कोरांव विधानसभा अंतर्गत मांडा मेजा एवं कोरांव ब्लॉक अध्यक्षों का मनोनयन जिला कार्यालय में हुआ जिसमें अखिलेश यादव प्रधान को मेजा ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार आदिवासी को मांडा ब्लॉक अध्यक्ष और हरिप्रसाद पाल को कोरांव ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। जैसे ही सपा नेताओं की नियुक्त की खबर क्षेत्र में पहुंची सपाइयों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और उक्त नेताओं को बधाई देने का सिलसिला चल पड़ा इस मौके पर सपा विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से संदीप पटेल विधायक रामदेव निडर कोल सुमन कोल राजू चौबे किसान नेता राजेश पांडे मेहताब खान नगर अध्यक्ष प्रमोद मिश्र पयासी वंशराज यादव दिनेश पटेल रामानुज यादव रविंद्र जैसल शहादत अली शिवदानी पाल यादवेंद्र अहीर पवन सोनकर लालजी पाल निराला मंगला कोल आशीष मिश्रा नौशाद अंसारी राजेश यादव आदि लोग रहे।

## न्यूज झरोखा

### किसानों को निशुल्क दिए गए ज्वार बाजरा कुंदो मूंग के बीज राजकीय कृषि बीज भंडार पर विधायक ने किया वितरण



**जारी।** दिन रविवार को विकास खंड कौंधियारा के अकोढ़ा केंद्र के सेहरा राजकीय कृषि बीज भंडार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तिलहन के अंतर्गत 255 कृषकों को निशुल्क उन्नतशील बीज का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि बारा भाजपा विधायक वाचस्पति और कृषि विभाग के अधिकारियों ने बीज वितरित किया। विधायक ने बताया कि किसानों का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है।विधायक ने कहा कि जैविक खेती व मोटा अनाज किसान भाई ज्यादा से ज्यादा किसानी करें । बीज भंडार के प्रभारी विनयेन्द्र ने बताया कि कुल 255 किसानों को ज्वार बाजरा कूदो मूंग रागी सावा अरहर बीजों का वितरण किया गया। संचालन राम बिंद ने किया ।जगदीश कुमार बिंद, हरी राम ,उमाशंकर बिंद, अर्जुन प्रसाद कुशवाहा, अरुण कुमार तिवारी, रोशन लाल ओझा, सोमनाथ शुक्ला, राम मनोहर पटेल, लालता प्रसाद मिश्रा, आदि लोग उपस्थित रहे।

### शुआट्स में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**नैनी।** पर्यावरण और पारिस्थितिकी को संरक्षित करने की आवश्यकता के प्रति छात्रों को संवेदनशील बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना शुआट्स और इनर-व्हील क्लब ऑफ इलाहाबाद ईस्ट के संयुक्त सहयोग से वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया था। पेड़ों को बचाने के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में 75 से अधिक पौधे लगाए गए थे । प्रोफेसर (डॉ.) रानू प्रसाद, रजिस्ट्रार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया, उन्होंने पेड़ों के महत्व के बारे में बताया और कहा कि हरित आवरण के निर्माण के लिए यह कैसे आवश्यक है। श्री सत्यम कुमार केसरी, सहायक कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस ने श्रीमती रत्ना जयसवाल सहित इनर व्हीलर क्लब के सदस्यों का स्वागत किया और बताया कि जागरूकता पैदा करने और पृथ्वी को बचाने के लिए हम हर साल वृक्षारोपण करते हैं। डॉ.हीरा बोस ने अतिथियों को गुलाब के फूल की छड़ी भेंट की। एनएसएस शुआट्स के समन्वयक डॉ. दीपक कुमार बोस ने बताया कि धरती मां को बचाना और पर्यावरण को वैश्विक चेतावनी से बचाना हमारी जिम्मेदारी है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रशांत अंकुर जैन, डॉ.हीरा बोस, डॉ.अनुराग तायडे, श्री विपिन, श्री विपुल, संकाय सदस्यों और छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया।

### सेहरा से निकला कांवरियों का जत्था



**जारी।** कौंधियारा विकासखंड के अंतर्गत सेहरा बाजार में हर साल की भात इस साल भी बाजे गाजे के साथ कांवरियों का जत्था प्रयागराज के दशा सुमेर घाट पर पहुंचकर अपने अपने कमंडल में जल भरेंगे और धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी जाएंगे और भोलेनाथ को जलाभिषेक करेंगे जलाभिषेक करने के तत्पश्चात गंगा जी में स्नान ध्यान करेंगे स्नान करने के बाद वापस सेहरा ग्राम सभा में मौजूद हरिहर नाथ के मंदिर में भी जलाभिषेक करेंगे और दूसरे दिन भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा जिसमे कावड़ यात्री रोहित शर्मा परम गुप्ता लवकुश शर्मा कल्लू गुप्ता मोहन नाथ गोस्वामी शिवनाथ गोस्वामी कुश गोस्वामी राममिलन गुप्ता शिवा गुप्ता अर्पित गुप्ता पवन नाथ गोस्वामी अरविंद गोस्वामी बलराम गोस्वामी पवन गुप्ता सौरभ गुप्ता प्रभाकर गुप्ता महेंद्र गोस्वामी धनंजय बृज नाथ गोस्वामी शिव सागर गुप्ता गुड्डू गोस्वामी सोनू कुशवाहा धर्मेंद्र सिंह ननई संतोष गोस्वामी महेश शर्मा आर्यन शर्मा निखिल शर्मा संतोष शर्मा मनीष शर्मा शिवम वर्मा सभी मौजूद रहे

### पारस फाउंडेशन के सदस्यों ने किया पौधा वितरण व वृक्षारोपण



**प्रयागराज।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वयंसेवी संस्था पारस फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहें वृहद पौधारोपण अभियान के तहत मीरापुर के सादियापुर छेत्र में यमुना नदी के किनारे स्थित मंदिर परिसर के आसपास सदस्यों द्वारा जामुन , बेल , सहजन , आंवला इत्यादि के ग्यारह पौधे लगाये गए । वहां उपस्थित नागरिकों को पौधे वितरंकर उनके रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई । कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय पार्षद पति ऋषि निषाद ने सभी से पर्यावरण सुरक्षा हेतु अपने घरों में पौधे लगाने की अपील की। पौधे बांटते हुए मधुमिता नाथ ने सभी से लगाए हुए पौधों की देखभाल करने की बात कही । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आभा साहू , ज्योती , सोनी , दीप द्विवेदी , शुभेंद्र पाण्डेय समेत स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे

### परिवर्तन समाज पार्टी मेजा विधान सभा की बैठक संपन



**मेजा।** परिवर्तन समाज पार्टी मेजा विधान सभा की एक बैठक मेजा क्षेत्र के खानपुर में संपन्न हुई बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार साहू, प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद साहू जी उपस्थित रहे बैठक में कई लोगो का मनोनयन भी किया गया जिसमे संतोष गुप्ता जी को प्रदेश उपाध्यक्ष,भोला नाथ सोनकर जी को विधानसभा मेजा अध्यक्ष और सतीश चंद्र गुप्ता जी को यमुनापार मीडिया प्रभारी मनोनित किया गया।

# इलाज के लिए नहीं लगाना होगा मुख्यालय का चक्कर: सांसद केशरी देवी पटेल

**शिवराजपुर में सदगुरु हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल केयर सेंटर का शुभारंभ**



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** इलाज की जरूरत हर किसी को पड़ती है। लोगों को समय से और सस्ता इलाज सुलभ हो, शिवराजपुर (शंकरगढ़) क्षेत्र में इसकी जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। यह बातें फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने कही। रविवार को वह शिवराजपुर में सदगुरु हास्पिटल एवं क्रिटिकल केयर सेंटर का उद्घाटन करने पहुंची थी। फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल एवं पूर्व विधायक दीपक पटेल ने संयुक्त रूप से हास्पिटल का उद्घाटन किया। सांसद ने कहा, यह हास्पिटल न सिर्फ शंकरगढ़ क्षेत्र के लिए बल्कि समीपवर्ती मध्य प्रदेश के सीमावर्ती गांवों के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। मध्य प्रदेश के सीमावर्ती गांवों के लोग हाट-बाजार के लिए भी शंकरगढ़ आते हैं, ऐसे में यह हास्पिटल उन लोगों के लिए वरदान साबित होगा। लोगों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय की दौड़ नहीं लगानी होगी। हास्पिटल के प्रबंधक डा.प्रताप सिंह ने कहा कि शिवराजपुर जैसे क्षेत्र में हास्पिटल खोलने का मुख्य मकसद ग्रामीण क्षेत्र को चिकित्सकीय सुविधा को उपलब्ध कराना है। आज भी बहुसंख्यक लोगों को इलाज नहीं मिल पाता। इस हास्पिटल में सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, प्लास्टिक सर्जरी के साथ तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं दी जाएंगी। चिकित्सा के नाम पर किसी भी क्षेत्रवासी का शोषण न होने पाए, इसी सोच के साथ इस हास्पिटल की नींव रखी गई है। उद्घाटन समारोह को पूर्व विधायक दीपक पटेल ने भी संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. कंचन सिंह, प्रमुख निर्मला देवी,प्राचार्य कुंवर बहादुर सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य गुलाब सिंह,दिनेश सिंह,राम सिंह, प्रबंधक डा. प्रताप सिंह, दीपिका सिंह,लक्ष्मी सिंह, कुंजनलाल मिश्र, पंडित त्रियुगीकांत मिश्र,सूर्यनिधान पांडेय, मान सिंह, सनद मिश्र, प्रधान ज्ञानेंद्र मिश्रा, परमेश्वर सिंह, दिवाकर सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## जायसवाल महासभा के संगठनात्मक ढांचा को संगठित करने के उद्देश्य से चयन हुआ : राजीव

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय जायसवाल सर्व-वर्गीय महासभा इकाई उत्तर प्रदेश के संगठनात्मक ढांचा को संगठित करने के उद्देश्य से संगठन में विभिन्न लोगों को नई ज़िम्मेदारी दी है। यह जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव कुमार जायसवाल ने बताया कि विधानसभा पिपराइच के अन्तर्गत मिर्चाइन चौराहा पर माता काली जी के मन्दिर पर छोटे लाल जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें विशेष रूप से उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ध्रुवचन्द जायसवाल उपस्थित थे। बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा पिपराइच गोरखपुर के अध्यक्ष सदानंद जायसवाल को पुनः अध्यक्ष घोषित किया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि कमेटी का गठन कर लिया जायेगा। आगामी 23 जुलाई को शाम चार बजे लोहिया चौराहा स्थित मंदिर पर पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव चन्द जायसवाल ने गोरखपुर निवासी डॉ. संजय कुमार जायसवाल को उत्तर प्रदेश महासचिव संगठन मनोनीत किया तथा लोकसभा एवं विधानसभा के अध्यक्षों का तत्काल प्रभाव से नियुक्त करने का संगठनों के पदाधिकारियों से आग्रह किया। उसी परिपेक्ष मे महिला प्रभारी मीना जायसवाल प्रयागराज, उत्तर प्रदेश महासचिव आशीष जायसवाल प्रयागराज, उत्तर प्रदेश महासचिव आशीष जायसवाल पत्रकार बृजमनगंज महराजगंज ने भी पदाधिकारियों को मनोनीत किया है। इनमें राहुल जायसवाल जिलाध्यक्ष युवा प्रयागराज, अनिल जायसवाल अध्यक्ष महानगर प्रयागराज, शिवम जायसवाल अध्यक्ष विधानसभा फरेन्दा जिला महराजगंज, सीमा जायसवाल महासचिव, सरोज जायसवाल कोषाध्यक्ष, कविता जायसवाल उपाध्यक्ष, सुनीता जायसवाल संगठन मंत्री, मीडिया प्रभारी प्रीति जायसवाल, प्रयागराज हैं। मीडिया प्रभारी ने बताया कि महिला शाखा एवं युवा शाखा का संयुक्त रूप से विधानसभा अध्यक्षों का मनोनयन प्राथमिक आधार पर किया जायेगा।

## विधायक डॉ वाचस्पति ने सुनी फरियादियों की समस्या



**जसरा।** रविवार को विधायक बारा डॉ वाचस्पति ने एम.वी कान्वेंट स्कूल गौहनिया में जनता दरबार लगाया और लोगों की समस्याएं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। लालापुर में एमबीबीएस डॉक्टर की तैनाती के लिए प्रधान शंकरलाल पांडे ने प्रतिनिधि नीरज केसरवानी की सहायता से पत्र दिया जिसे विधायक जी ने संज्ञान में लेते हुए जल्द ही एमबीबीएस डॉक्टर की तैनाती का आश्वासन दिया। आपको बता दें कि डॉ वाचस्पति जब से बारा के विधायक बने हैं तब से उनके द्वारा लगातार जनता दरबार लगाया जाता है। लोटाढ़ के पूर्व प्रधान नीरज मिश्रा ने बारिश में लोगों को हो रही मुश्किलों से निजात दिलाने के लिए इंटर लाकिंग लगवाने के लिए पत्र दिया। जनता दरबार में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, अंजनी लाल, प्रतिनिधि उमेश शुक्ला, फूल चंद पटेल, श्यामू निषाद, मिथिलेश पांडे, संजीव पांडे, प्रेम तिवारी, चंद्रेश बिंद, दीपू, रामजी, मोनू यादव, राजकुमार पटेल, संदीप पटेल, नीरज पांडे, बबीता बिंद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## यमुनापार जन जागरण समारोह सम्पन्न

**लेडियारी।** बिकास खन्ड कोरांव के राम चरण इन्टर कॉलेज कैथवल में रविवार को जन जागरण समारोह सम्पन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल रहे। उन्होंने कहा कि गरीबों और वंचितों की सेवा और सम्मान युवा वर्ग का कर्तव्य है । उनकी आकांक्षाओं की पूर्ति करना सबका धर्म है। उन्होंने उत्तम स्वास्थ्य और नारी सशक्तिकरण पर भी अपने वक्तव्य दिए । कार्यक्रम का संचालन पंकज त्रिपाठी ने किया। बिशिष्ठ अतिथि पूर्व चेयरमैन नरसिह कुमार केशरी रहे। इस मौके पर भाजपा नेता शशी द्रिवेदी, शिवशंकर केशरी,शिव मोहन द्रिवेदी तथा संयोजक राम भवन मिश्र के अलावा सैकडौ लोग उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष ने डिग्री कॉलेज में किया वृक्षारोपण

**लेडियारी।** क्षेत्र के कैथवल धनरांजी महिला ड्रिग्री कॉलेज में समिति के अध्यक्ष दिवाकर मिश्र द्वारा लगभग दो सौ वृक्ष लगाने के बाद पर्यावरण के संबंध में जानकारी देते हुए हर व्यक्ति से वृक्षारोपण करने की अपील किया । मौके पर डॉक्टर सीएम तिवारी ,डा चन्द्र कान्त शुक्ल, राकेश कुमार मिश्र, रविन्द्र पान्डेय, हिमांशु त्रिपाठी, यथा सम्भव पंकज मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## माली सीड्स कंपनी का बलराम पीजी कॉलेज में कैंपस सलेक्शन

**कोराव।** बलराम पीजी कॉलेज के बी.एस.सी.एजी आठवे सेमेस्टर. के विद्यार्थियों ने माली सीड्स कंपनी(वेस्ट बंगाल) के सिटीजन गर्ल्स कॉलेज नैनी में आयोजित( दिनांक 14 जुलाई 2023) कैंपस सिलेक्शन में इंटरव्यू दियाकमेजा क्षेत्र में पहली बार अपनी, बी.एस.सी.एजी की पढ़ाई पूरी कर चुके विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन आयोजित हुआ और यह सौभाग्य मेजा क्षेत्र में बलराम पीजीकॉलेज को प्राप्त हुआक इस अवसर पर बलवान पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ० अरुण कुमार सिंह, बलराम पी०जी० कॉलेज के को-आर्डिनेटर डॉ आजाद सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर हसमुखलाल उपस्थित थे कबलराम पीजीकॉलेज में शीघ्र ही प्रगति एग्रो इंडस्ट्रीज का कैंपस सिलेक्शन होने वाला है कयह सुखद अनुभव है कि बलराम पीजीकॉलेज बी.एस.सी.एजी की शिक्षा देने के साथ ही साथ कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सुलभ करा रहा है जो मेजा क्षेत्र का कोई भी कृषि कॉलेज नहीं कर रहा है।

# भाजपाइयों ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**मेजा में टिफिन सहभोज कार्यक्रम**



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपाइयों द्वारा प्रमुख कार्यालय पर टिफिन सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई गईं।कार्यक्रम संयोजक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने कहा कि केंद्र सरकार के सफल नौ वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी के तहत टिफिन सहभोज का आयोजन रखा गया है। इसका उद्देश्य आपसी सहभागिता और भाईचारे को बनाए रखना है। केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ जरूरतमंदों को मिल रहा है। हर घर गंगाजल, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि जैसी तमाम योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। भाजपा सरकार ने अपराध मुक्त वातावरण देने का काम किया है। आज भाजपा सरकार में अपराधी कांप रहे हैं और देश की जी चैन की नींद सो रही है। पहले की सरकारों में लोग लूट खसूट होने के डर से रात भर जागते थे।इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपनारायण मिश्र, नमामि गंगे जिला संयोजक अमरेश तिवारी मंडल अध्यक्ष मेजा कामेश्वर पटेल, मंडल मंत्री मेजा संजय तिवारी, पंकज राव, आशुतोष मिश्र, अतुल द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, हीरालाल दुबे, अखिलेश मिश्र, राहुल मिश्र, टिंकू पटेल, मिथुन मोदनवाल, देवकर पांडेय, विंध्यवासिनी यादव और शेरबहादुर पटेल आदि मौजूद रहे।

### महा संपर्क अभियान के पश्चात किया गया टिफिन बैठक

**सहसों।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों के प्रांगण में रविवार सायंकाल 5 बजे विधानसभा फूलपुर की महा जनसंपर्क अभियान के उपरांत टिफिन बैठक क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। टिफिन बैठक के दौरान विधायक प्रवीण पटेल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए हो रहे महा जनसंपर्क अभियान के विषय पर कार्यकताओं के बीच विस्तार से चर्चा परिचर्चा किए। और आगे की योजनाओं के बारे में रणनीति भी बनाई गई। विधानसभा फूलपुर के सभी मंडल अध्यक्ष, सभी जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित होकर चर्चा परिचर्चा को सुना एवं जाना। बैठक को जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, एमएलसी निर्मला पासवान, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा कविता पटेल, जिला महामंत्री मनोज निषाद, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में प्रमुख रूप से भूपेन्द्र मिश्रा, राघवेंद्र सिंह सिंगरौर, संदीप दुबे, पवन कुमार शुक्ला, चंद्रेश नारायण द्विवेदी, अनिल कुमार सरोज, पुष्कर सिंह, नरेंद्र कुशवाहा, राजेंद्र वर्मा, राजेश सरोज, दिनेश कुमार, राजभर द्विवेदी, जय प्रकाश द्विवेदी, महेश सिंह, दिनेश कुमार शुक्ला, आलोक कुमार गुप्ता, दिलीप निषाद, आत्मा धर, राकेश पटेल, भोला गुप्ता, बृजेश तिवारी, निमिष खत्री सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नैनी पुलिस ने देसी तमंचे के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को 315 बोर के तमंचे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधिकारियों के पर्यवेक्षण में नैनी थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर रविवार को अभियुक्त मो0 हसन पुत्र मो0 असलम निवासी गंजिया थाना नैनी प्रयागराज को ग्राम भंडरा को इमरान प्रधान के दरवाजे के पास से अवैध एक देशी तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार/ बरामदगी के आधार पर थाना नैनी में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर निमयानुसार विधिक करवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया।

# मानकों के विपरीत चलाए जा रहे स्कूल वाहन!

अखंड भारत संदेश





**जारी।** क्षेत्र में स्कूल वाहनों के नाम पर आरटीओ द्वारा सरेंडर किए गए वाहनों को चलाया जा रहा है जिससे कबाड़ हो चुकी बसों से नौनिहालों की जीवन पर खतरा मंडरा रहा है। विद्यालय प्रबंधन परिवहन विभाग के मानकों को ठेंगा दिखाते हुए बसों का परिवहन करा रहे हैं बता दें कि इन बसों के इंश्योरेंस ,परमिट , फिटनेस , टैक्स ,प्रदूषण सर्टिफिकेट सब काफी दिनों से समाप्त हो चुके हैं । ज्ञात हो कि इन स्कूल बसों को चलाने वाले चालक के पास कोई भी वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं होते हैं कुछ स्कूल वाहनों को तो नाबालिकों द्वारा स्कूल वाहनों का परिवहन करवाया जा रहा है ये चालक खतरनाक तरीकों से वाहनों का चालन करते हैं जिससे नौनिहालों के साथ कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है देखा जाए तो क्षेत्रीय प्रशासन द्वारा स्कूल वाहनों के खिलाफ कोई भी कदम नहीं उठा रहा जिससे स्कूल प्रबंधन बेखौफ बना हुआ है सभी मानकों को ताक पर रखकर स्कूल मैनेजमेंट अपने सुविधा अनुसार बसों का परिवहन करा रहा है अगर मानक की बात की जाए तो स्कूल बसों में फास्ट एड बॉक्स एक महिला और एक पुरुष परिचालक खिड़कियों में इसे के साथ जाली लगी हो साथ ही बस 40 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार में न चले इसके लिए लगा हो स्पीड गवर्नर। वाहन चालक का अनुभव कम से कम पांच वर्ष भारी वाहन चलाने का होना चाहिए। लेकिन स्कूल प्रबंधक इन सभी नियमों से अनजान बना बैठा है। नारीबारी, खीरी, जारी , कौंधियारा, में संचालित कुछ विद्यालयों में छोटे ट्रको में भेडरियों की तरह नौनिहालों को स्कूल ले जाया जा रहा है सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कुछ विद्यालयों में कबाड़ से वाहनों को खरीद लिए गए और उन्हें पार्टी के द्वारा सरेंडर करा दिया गया है ताकि इन वाहनों के टैक्स ,फिटनेस परमिट, इंश्योरेंस , का खर्च ना लगे । जबकि नियम यह है कि सरेंडर किए गए वाहनों को रोड पर कतई न चलाय जाए इन्हें सरेंडर के बाद पंजीकृत कबाड़ी को कटने के लिए दे दिया जाए लेकिन क्षेत्र में उलटी गंगा बह रही है। क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने परिवहन विभाग और एसडीएम बारा से स्कूल वाहनों की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय बवाल :

# बीसीआई को भेजे जाएंगे बवाल में शामिल विधि छात्रों के नाम, कार्रवाई की संस्तुति करेगा एयू

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में सेंटर ऑफ मीडिया स्टडीज के बीवोक के छात्र की मौत के बाद हुए बवाल में शामिल उन पूर्व छात्रों के नाम बार काउंसिल और बार एसोसिएशन को भेजे जाएंगे, जो इविवि से विधि में स्नातक की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। इविवि प्रशासन की ओर से इनका रजिस्ट्रेशन रोकने या निलंबित करने की संस्तुति की जाएगी। इविवि प्रशासन की ओर से 17 जुलाई को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल, इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, बार काउंसिल ऑफ इंडिया और जिला अधिवक्ता संघ को पत्र प्रेषित किए जाने की तैयारी है। इविवि के चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश सिंह का कहना है कि बवाल में शामिल अब तक 14 उपद्रवियों को चिह्नित किया गया है। इनमें से चार लोग ऐसे हैं, जिन्होंने इविवि से विधि की पढ़ाई पूरी की है।इन्होंने जिस परिसर में न्याय की रक्षा के लिए कानून की पढ़ाई की और उसी परिसर में कानून तोड़ा। एक अधिवक्ता के लिए भी कोड ऑफ कंडक्ट होता है, लेकिन इन्होंने इसका पालन नहीं किया। पत्र के माध्यम से संस्तुति की जाएगी कि बवाल में शामिल जिन छात्रों ने अगर रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किए हैं, तो उनके रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया रोक दी जाए और जिन्होंने रजिस्ट्रेशन करा लिया है, उनका पंजीकरण निलंबित कर दिया जाए। कार्रवाई से संबंधित आगे जो भी प्रक्रिया और निर्णय होगा, उसके बारे में समय-समय पर अवगत कराया जाता रहेगा।

**जारी रहा छात्रों का आंदोलन :** इविवि में हुए बवाल के बाद छात्रों के खिलाफ हुई कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भी छात्रों का आंदोलन जारी रहा। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के ऊपर अनुचित प्रतिबंध लगाया गया है। जिसके खिलाफ छात्र लगातार आंदोलनरत हैं। इविवि प्रशासन छात्र नेताओं को पुलिस के बल पर प्रताड़ित कर रहा है, जो शर्मनाक है। आंदोलन स्थल पर भानू, सुधीर, अनुराग, अभिषेक पंकज आदि मौजूद रहे।

**केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को रिपोर्ट भेजेगा इविवि :** छात्र की मौत को लेकर इविवि में हुए बवाल की पूरी रिपोर्ट केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भी भेजी जाएगी। इसके लिए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। साथ ही उन शिक्षकों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, जिनके साथ अभद्रता की गई थी। संस्कृत विभाग, हिंदी विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग में हुई तोड़फोड़ के कई वीडियो फुटेज सामने आए हैं। सूत्रों का कहना है कि साक्ष्य के रूप में वीडियो फुटेज के साथ रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को भेजी जाएगी। रिपोर्ट में यह भी बताया जाएगा कि चिह्नित किए गए उपद्रवियों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई।

**अमिताभ ठाकुर ने कहा, इविवि के खिलाफ भी दर्ज हो एफआईआर :** पूर्व आईपीएस अधिकारी और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने सरकार से मांग की है कि छात्र की मौत के मामले में इविवि प्रशासन के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाए। अमिताभ ठाकुर का कहना है कि एंबुलेंस तत्काल उपलब्ध न कराए जाने के कारण अचेत होकर गिरे छात्र की मौत हुई और इसके लिए सीधे तौर पर इविवि प्रशासन जिम्मेदार है। न्याय मांगने वाले छात्रों को पुलिसिया कार्रवाई के जरिये धमकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजाद अधिकार सेना पूरी तरह से छात्रों के साथ है।

## नैनी में मंत्री नंदी ने मांगा समर्थन गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**नैनी।** नैनी के पीडीए कलोनी से आरंभ हुआ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सफलतम नौ वर्ष पूर्ण होने पर आज रविवार को "संपर्क से समर्थन" अभियान के तहत औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने जनसंपर्क किया। वरिष्ठ चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, रिटायर्ड अधिकारियों एवं व्यापारियों के घर जाकर उनसे मुलाकात किया और समर्थन मांगा। भाजपा सरकार की नौ वर्षों की योजनाओं से अवगत कराते हुए बुकलेट भेंट किया। बुद्धिजीवियों से मुलाकात कर उन्हें केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने 9090902024 पर मिस कॉल करने की अपील की। मंत्री नंदी ने अभियान की शुरूआत नैनी के पीडीए कलोनी से की। यहां उन्होंने सबसे पहले रिटायरड्ड आइजी सीपी सिंह से मुलाकात कर उन्हें मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया।शिवम अक्षयवट हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. अरविन्द कुमार राय से व पुराफतेह निवासी रिटायर्ड पीसीएस अधिकारी आरपी तिवारी से मुलाकात किया। जीवन ज्योति हॉस्पिटल में जाकर प्रबंधक डॉ. अर्पित बंसल से मुलाकात की। हॉस्पिटल के संस्थापक स्व. डॉ. एके बंसल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। चंद्रलोक चौराहे पर स्थित अमरदीप हॉस्पिटल में डॉ. मनोज भार्गव, मालवीय नगर में रिटायर्ड रजिस्ट्रार इलाहाबाद हाईकोर्ट सांता नंद श्रीवास्तव, कल्याणी देवी निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष संड, अतरसुइया निवासी एसआरएन के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शबी अहमद, मीरापुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता रोशन लाल अरोरा व कॉलरा नर्सिंग होम मीरापुर के प्रबंधक डॉ. अनिल कालरा के घर जाकर भाजपा सरकार के लिए समर्थन मांगा।

## प्रयागराज से दिल्ली तक जाने वाली इस ट्रेन के आज 39 वर्ष पूरे हुए

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज से दिल्ली तक जाने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस के आज 16 जुलाई को 39 वर्ष पूरे हो गए। प्रयागराज से दिल्ली तक की यात्र करने वाले यात्रियों की यह ट्रेन पहली पसंद होती है। पिछले 6 माह यानी जनवरी से जून तक की बात करें तो इस ट्रेन से 42 करोड़ रुपये की कमाई रेलवे की हुई है। इस ट्रन को उत्तर मध्य रेलवे का सबसे ज्यादा कमाई वाला ट्रेन भी कहा जाता है। इसका संचालन प्रतिदिन प्रयागराज से दिल्ली और दिल्ली से प्रयागराज के बीच होता है। प्रयागराज फैस क्लब की ओर से इसके उपलक्ष्य में आज प्रयागराज जंक्शन पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई है। जानिए, प्रयागराज का क्या है इतिहास बता दें कि प्रयागराज एक्सप्रेस का संचालन पहली बार 16 जुलाई 194 को ही हुआ था।

**प्रयागराज एक्सप्रेस ने 6 माह में कमाए 42 करोड़ रुपये**

जब यह ट्रेन शुरू हुई थी तो उस समय 17 कोच थे। उस समय इस ट्रेन का उद्घाटन तत्कालीन मंत्री राजेंद्र कुमार वाजपेयी ने किया था, इन्हीं के प्रयास से इस ट्रेन का संचालन शुं हुआ था। ट्रेन में लाल रंग के कोच होते थे। धीरे-धीरे यह ट्रेन भी नए रूप में दिखने लगी। वर्ष 2003 में इसमें नीले वाले आइएसएफ कोच लगाए गए।

यह उत्तर मध्य रेलवे की पहली ट्रेन रही जिसे आइएसओ सर्टफिकेट मिला। वर्ष 2016 में प्रयागराज को एलएचबी रेक मिला। यह देश की सबसे लंबी ट्रेन है, जिसमें एलएचबी के 24 कोच लगते हैं और इसकी लंबाई करीब 600 मीटर है। इस ट्रेन पर ₹मैं प्रयागराज एक्सप्रेस₹ नामक डाक्यूमेंट्री भी बनाई जा चुकी है।

# नैनी में बढ़ रहा यमुना गंगा में जलस्तर, अलर्ट जारी

अखंड भारत संदेश

**108 बाढ़ चौकियां और 12 राहत शिविर बनाए, बोट-एम्बुलेंस के साथ राहत दल तैनात**



**नैनी।** प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पुराने यमुना पुल के आधे खंबे डूब गए हैं। प्रयागराज में बाढ़ जैस हालात बनने लगे है। गंगा और यमुना नदी का तेजी से पानी बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन एक्शन और अलर्ट मोड में हैं। संभावित बाढ़ के खतरों को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया है। बाढ़ से निपटने को 108 बाढ़ चौकियां और 12 राहत शिविर बनाए गए हैं। मेडिकल टीम, बोट-एम्बुलेंस और राहत दल भी तैनात कर दिया गया है। नजर प्रयागराज और उसके आसपास के जिलो में अभी सामान्य बारिश हुई है, लेकिन उत्तराखंड और पड़ोसी राज्यों से गंगा और यमुना नदी में आ रहे बाढ़ के पानी से यहां नदियों के जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। इस समय दोनों नदियों में हर घंटे 1.5 सेंटीमीटर की दर से पानी बढ़ रहा है। हथिनी कुंड बैराज से 2 लाख क्यूसेक, माटाटीला बांध से 1.5 लाख क्यूसेक और कोटा बैराज से 2 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद प्रयागराज में नदियों का पानी खतरे के निशान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसे देखते हुए जिले का पूरा सरकारी अमला बाढ़ से निपटने के लिए प्रभावित इलाकों में नजर बनाए हुए है। गंगा और यमुना से घिरे प्रयागराज में संभावित बाढ़ को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। डीएम संजय कुमार खत्री ने सभी विभागों की बैठक लेकर बाढ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की है। डीएम का कहना है, बाढ़ के हालात को देखते हुए सभी राहत और बचाव की आवश्यक सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संबंधित अधिकारियों ने क्षेत्रों में भ्रमण कर बाढ़ चौकियों को भी चिह्नित कर लिया है। जिले में अभी 108 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। इसके अलावा 22 बाढ़ राहत शिविर भी चिह्नित कर लिए गए हैं। बाढ़ के हालात को देखते हुए इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी। जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित लोगो की सहायता के लिए एक वॉट्सऐप नंबर चालू करने के लिए कहा है।बाढ़ से पैदा होने वाले सभी तरह के हालात से निपटने के लिए जिला प्रशासन तैयार है। डीएम प्रयागराज के मुताबिक एनडीआरएफ के अलावा जिले में पीएसी की 3 कंपनियां जल पुलिस की 4 कंपनियां ,1500 नावें और 45 मोटर बोट की व्यवस्था कर ली गई है । मेडिकल हेल्प के लिए आधा दर्जन बोट-एम्बुलेंस की व्यवस्था की जा रही है। सरकार के निर्देश पर चिह्नित बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से गोवंशों व अन्य जानवरों को अन्यत्र स्थनांतरित करने को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। पशुओं की दवाइयों, टीकाकरण, भूसा-चारा एवं पेयजल की समुचित एवं पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित कर ली गई है। प्रयागराज जनपद में गगा और यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है। गंगा अभी खतरे के निशान 84.734 मीटर से करीब 6 मीटर नीचे फाफामऊ में बह रही हैं। फाफामऊ में गंगा का जलस्तर रविवार को 78.31 मीटर दर्ज किया गया है। छतनाग में गंगा का जलस्तर 74.92 दर्ज किया गया है। नैनी में यमुना का जलस्तर 75.40 मीटर दर्ज किया गया है। छतनाग और नैनी में 3 सेंटीमीटर जलस्तर बढ़ा हैं।


## उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमियों को किया जाएगा सम्मानित

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाईयों/उद्यमियों को किया जायेगा सम्मानित इच्छुक उद्यमी पुरस्कार योजना में भाग लेने के लिए आवेदन पत्र प्राप्त कर 20 जुलाई तक करें जमा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री अजय कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष-2023-24 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत विगत 5 वर्षों में स्थापित निरन्तर उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाईयों/उद्यमियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाना है। उन्होंने बताया कि इच्छुक उद्यमी पुरस्कार योजना में भाग लेने के लिये किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय विकास भवन परिसर, प्रयागराज से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं ।आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि दिनॉक-20.07.2023 तक है। विशेष जानकारी हेतु मोबाइल नम्बर-9580503176, 8840814211 व 7985798699 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सावन का दूसरा सोमवार आज

## जलधारा के साथ शिव को अर्पित करें बिल्वपत्र, पूरी होगी मनोकामना

आलोक गुप्ता



**बारा।** आज 17 जुलाई, 2023 को सावन महीने का दूसरा सोमवार पड़ रहा है। सावन महीना देवों के देव महादेव को समर्पित माना जाता है। सावन के दिनों में पूजन-अर्चन के लिए सोमवार का विशेष महत्व है। मान्यता है कि सावन मास में शिवलिंग पर बेलपत्र (बिल्वपत्र), धतूरा, भांग, दूध और जल अर्पित करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। भक्त, भोलेनाथ की विशेष कृपा पाने के लिए सोमवार व्रत भी रखते हैं। भगवान शिव की अराधना के लिए सावन मास सबसे उत्तम माना गया है। शिवपुराण के अनुसार, सावन में हर दिन सच्चे मन से भगवान शंकर की पूजा करने से अमोघ फल की प्राप्ति होती है। भगवान शिव की पूजा से जीवन में आने वाले दुख, कष्टों और परेशानियों का अंत होता है। सावन माह भगवान भोलेनाथ का सबसे प्रिय महीना होता है। इस माह में सोमवार व्रत रखते हुए भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने पर सभी तरह की मनोकामनाएं जल्द पूरी होती हैं। 16 सोमवार व्रत रखने सभी तरह की इच्छाएं भगवान भोलेनाथ अवश्य ही पूरी करते हैं। सावन के दूसरे सोमवार पर भी इस बार कई तरह के शुभ योग बन रहे हैं। ऐसे में भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा उपासना करने का विशेष लाभ प्राप्त होगा। माना जाता है कि भगवान शिव को बेलपत्र बहुत ही प्रिय होता है। इसी कारण से शिव आराधना में बेलपत्र को जरूर अर्पित किया जाता है। शास्त्रों में बेलपत्र को चढ़ाने के कुछ नियम भी बताए गए हैं। जिनका पालन करने पर भगवान शिव की पूजा सफल मानी जाती है। पंडित त्रियुगीकांत मिश्र ने बताया कि भगवान शिव को हमेशा उल्टा बेलपत्र यानी चिकनी सतह की तरफ वाला भाग स्पर्श कराते हुए ही बेलपत्र चढ़ाना चाहिए। बेलपत्र को हमेशा अनामिका, अंगूठे और मध्यमा अंगुली की मदद से चढ़ाएं एवं मध्य वाली पत्ती को पकड़कर शिवजी को अर्पित करना चाहिए। महादेव को कभी भी सिर्फ बिल्वपत्र अर्पण नहीं करना चाहिए। बेलपत्र के साथ जल की धारा जरूर चढ़ानी चाहिए। बेलपत्र की तीन पत्तियां ही भगवान शिव को चढ़ती है। कटी-फटी पत्तियां अर्पित नहीं की जाती हैं। कुछ तिथियों को बेलपत्र तोड़ना वर्जित होता है। जैसे कि चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, चतुर्दशी और अमावस्या को, संक्रांति के समय और सोमवार को बेल पत्र नहीं तोड़ना चाहिए। ऐसे में पूजा से एक दिन पूर्व ही बेल पत्र तोड़कर रख लिया जाता है। बेलपत्र कभी अशुद्ध नहीं होता। पहले से चढ़ाया हुआ बेलपत्र भी फिर से धोकर चढ़ाया जा सकता है।

## नहवाई गांव में चोरों का आतंक लाखों के जेवरात किए पार



**मेजा रोड।** मांडा थाना क्षेत्र के नहवाई गांव में शनिवार की रात छत के रास्ते घर मे घुसे चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों नगदी व लाखों के जेवरात पार कर दिया। सुबह जब परिवार के लोगों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व डाग स्क्वायड की टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मांडा थाना क्षेत्र के नहवाई गांव निवासी श्याम नारायण तिवारी रेलवे से सेवानिवृत्त हुए हैं। शनिवार की रात सभी परिजन घर में सो रहे थे। रात में छत के रास्ते घर में घुसकर चोर अंदर पंहुचे और फांदकर कर घर के अंदर चोर चोरों ने लाखों नकदी व आभूषण में सोने की अंगूठी,पायल, कंगन उड़ा ले गए। सुबह परिवार के लोगों को घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची मांडा पुलिस व डाग स्क्वायड की टीम ने जांच पड़ताल शुरू किया।जांच पड़ताल में अभी चोरों का कुछ पता नही चल पाया है। थाना प्रभारी मांडा अरविंद गौतम ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही चोरों का पता लगा लिया जाएगा।

## छेड़खानी की पुलिस ने नही दर्ज की रिपोर्ट, दबंगो ने कराया सुलह

**झूंसी।** मिशन शक्ति व महिला सुरक्षा का दावा तब तार तार हो गया जब छेड़खानी की लिखित शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की और दबंगो ने पीड़ित परिवार पर दबाव बना कर सुलह करा दिया। मामला झूंसी थाना क्षेत्र का है एक युवती अपनी छोटी बहन, दादी व भाई के साथ रात में घर लौट रही थी। मनचले बुलेट सवार ने छेड़छाड़ की पीछा करते हुए युवती के घर तक पहुच गया शोर मचाने पर लोग बाहर आ गए तब वह भाग निकला। जिसका एक सीसी टीवी फुटेज भी सामने आया है। आवास विकास कालोनी योजना 3 में रहने वाली एक युवती शुक्रवार की रात 11 बजे अपनी दादी, छोटी बहन व भाई के साथ पुलिस बूथ के पास अपने चाचा को खाना देने गई थी। उसके चाचा कांवर लेकर काशी जा रहे थे। युवती ने बताया कि हम सभी घर लौट रहे थे तभी पीछे से आया एक बुलेट सवार फब्तियां कसने लगा उसने फोन कर अपने कुछ और दोस्तो को भी बुला लिया कार से आये बुलेट सवार के साथी पीछा करने लगे। वह सभी घर की ओर भागी तो मनबढ़ बुलट सवार पीछे पीछे घर तक पहुच गया। युवतियां डर कर चीखने चिल्लाने लगी शोर सुन कर कालोनी के लोग बाहर निकल आये और मनबढ़ युवक को पकड़ना चाहा पर वह भाग निकला। छेड़छाड़ करने वाले की सीसी टीवी में करतूत भी नजर आई पर इसके बाद भी कार्यवाही न होना पुलिस के नारी सुरक्षा के दावों पर प्रश्न चिन्ह है।

# समकालीन शिक्षा की चुनौतियां और समाधान विषय पर हुआ संवाद

अखंड भारत संदेश

**हिन्दी के प्रतियोगी छात्रों के लिये रणक्षेत्र पुस्तक का हुआ विमोचन**



**प्रयागराज।** सहायक आचार्य मंच एवं हिंदी साहित्य प्रतियोगी मंच के सयुंक्त तत्वावधान में खुशरोबाग में समकालीन शिक्षा की चुनौतियां और समाधान विषय पर परिचर्चा, संवाद एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर वक्ता प्रो. दीनानाथ, विभागाध्यक्ष, चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालय, प्रयागराज, आलोचक महेन्द्र सोनकर, चिंतक हेमन्त श्रीवास्तव, डॉ. इन्द्रदेव शर्मा, डॉ. संदीप दिवाकर, डॉ.नरेन्द्र दिवाकर ने विषय के परिप्रेक्ष्य में अपनी बात रखी। तत्पश्चात डॉ. इन्द्रदेव शर्मा और डॉ. संदीप दिवाकर द्वारा संपादित हिंदी विषय से टीजीटी व पीजीटी के प्रतियोगियों हेतु उपयोगी पुस्तक 'रणक्षेत्र' का विमोचन किया गया। उनके इस पुस्तक से हिन्दी के क्षेत्र में अध्ययनरत प्रतियोगियों को सफलता में सहायता मिलेगी। पुस्तक में 3000 चुनिंदा प्रश्नों का अभूतपूर्व संकलन है जो निःसंदेह टीजीटी एवं पीजीटी हिन्दी के प्रतियोगियों के लिए लाभदायक साबित होगी। इस अवसर पर खुशरोबाग में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभागी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप दिवाकर ने किया और शोधार्थी दिनेश पाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में अरविन्द चौधरी, दीपक चौधरी, अशोक कुमार गौतम, पुष्पेंद्र चौधरी, बालाजी, अभिनन्दन सिंह, संतोष पाल, दीपू पाल, अशोक भारती, शिवमूरत, राजकुमार केशरवानी, अखिलेश पाण्डेय, निहारिका, मधु, शांति शर्मा, अशोक शर्मा, लालचंद्र, कवि शिवनरेश, जयकरन सोनकर आदि सैकड़ों प्रतियोगी छात्र उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### गोष्ठी एवं पंपलेट वितरण के माध्यम से भूजल संरक्षण के महत्त्व एवं उपायों के बारे में आम जनमानस को दी गई जानकारी




**प्रयागराज।** यह संकल्प निभाना है-हर एक बूंद बचाना है विषय बिन्दु पर भूजल सप्ताह (16 जुलाई से 22 जुलाई) के आयोजन के क्रम में भूगर्भ जल विभाग, प्रयागराज (नोडल विभाग), के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रयागराज जंक्शन, सिविल लाइंस बस स्टैण्ड, प्रयाग जंक्शन, रामबाग रेलवे स्टेशन, प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भूजल संरक्षण हेतु जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश से गोष्ठी की गयी तथा पम्फ्लेट, इत्यादि का वितरण किया गया । भूगर्भ जल विभाग के कार्मिकों ने शहरी क्षेत्र में जल स्तर में अत्यधिक गिरावट से जन-मानस को भविष्य में होने वाली समस्या तथा जल संरक्षण के महत्व एवं उपायों से अवगत कराया। दिनांक 17-07-2023 को प्रातः 10.00 बजे सर्किट हाउस मीटिंग हाल में भूजल सप्ताह-2023 का विधिवत् उद्घाटन समारोह मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षया में सम्पन्न होगा । जिसमें जिला-प्रयागराज के समस्त विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त स्वंय सेवी संस्था के सदस्य, आर्किटेक्ट्स, होटल/ मैरिज हाल एसोसिएशन के पदाधिकारी, उद्योग/व्यापार के सदस्य, जल संरक्षण पर कार्य करने वाली संस्थाओं के सदस्य इत्यादि उपस्थित रहेंगे।

### नैनी कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन



**नैनी।** नैनी कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक नैनी वीरेंद्र यादव के निर्देशन में रविवार को थाना परिसर नैनी में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त चौकी इंचार्ज एवं पुलिस मित्र की टीम व नागरिक सुरक्षा जिला अपराध निरोधक एवं नैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जयसवाल पार्षद वा ताजिया दारो ने हिस्सा लिया। एसपीओ प्रभारी अभय राज सिंह के निर्देशन में एवं थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा की अगुवाई में एसपीओ पुलिस मित्र की टीम रही मैजूद। जनसंपर्क अधिकारी सेख लियाकत अली, संगठन सचिव रविंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, सीनियर एरिया इंचार्ज रामजी जयसवाल, धर्मराज पटेल, राम जी, सुशील शर्मा, विवेक पाल, इकरामुल्लाह, विशाल जयसवाल, राजू शाहनी,दिनेश चंद केसरवानी, रोहित चौरसिया इकरामुल्लाह उर्फ गुड्डू सुरेंद्र आदि रहे।

## मधुमेह बीपी व मोतियाबिंद के 500 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क जांच करवाए



**नैनी।** नैनी धनुआ में एक मेगा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन ने शार्प साइट हॉस्पिटल, सिविल लाइन्स, प्रयागराज के तकनीकी सहयोग से 16 जुलाई, रविवार को कान्हा गार्डन, धनुहा में सुबह 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक निःशुल्क नेत्र/ मोतियाबिंद/ बीपी/ मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता विदुप अग्रहरि ने बताया कि शिविर के बारे में जागरूकता लाने के लिए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में 100 से अधिक बैनर और यूनिपोल लगाए गए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें नवीनतम नेत्र परीक्षण उपकरणों के साथ योग्य नेत्र विशेषज्ञों और तकनीशियनों वाली नेत्र देखभाल टीम ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 500 से अधिक लोगों की जांच की। इसका उद्देश्य दृष्टि संबंधी और अन्य नेत्र रोगों की पहचान करना और पहचाने गए रोगियों को रेफरल सेवाएं प्रदान करना था, साथ ही लोगों के बीच बुनियादी नेत्र देखभाल के बारे में जागरूकता पैदा करना थाए स्टैंडी प्रॉप्स भी बनाए गए थे और एक सामाजिक उद्देश्य के लिए इस शिविर में मरीजों की भारी भीड़ ने इसकी मानवीय सफलता को रेखांकित किया इस अवसर पर अमृता नीरज अग्रवाल, ऋतु कमल अग्रवाल विदुप अग्रहरी मधु अग्रवाल पंकज जैन एकता राधा आदि उपस्थित रहे।

# सम्मान हमें और अच्छा करने के लिए करता है प्रेरित : अखिलेश

अखंड भारत संदेश

**सर्वोच्च अंक पाने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित**



**करछना।** आज के दौर में छात्रों को संयमित रूप से पठन-पाठन कर अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा जरूरी है। जो बच्चे अपने कठिन परिश्रम से समय का सदुपयोग करते हैं वह निश्चित रूप से मंजिल के करीब पहुंचते हैं। ऐसे मेधावी बच्चों का अभिनंदन और सम्मान उन्हें और भी अच्छा करने के प्रति प्रेरित करता है। यह बातें बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज के श्री नारायण सभागार में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्यअतिथि, के.पी.जायसवाल इंटर कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य अखिलेश जायसवाल ने विद्यालय के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए कही। सभागार में मौजूद सभी शिक्षक और बच्चों के ऊपर पुष्प वर्षा करते हुए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान इण्टरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली रिया सिंह, अभिनेष निषादऔर हाई स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्र पवन जायसवाल,हर्ष प्रताप सिंह,अनम अंसारी समेत प्रधानाचार्य और शिक्षकों को भी को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के शैक्षिक उत्थान के संदर्भ में यह प्रेरणादाई पल है। इससे और लोगों को भी सीख लेनी चाहिए। संगीत शिक्षिका मोहिनी श्रीवास्तव ने भजन और कजरी गीतों की प्रस्तुति पर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का संचालन कवि अशोक बेशरम ने किया। इस मौके पर प्रवक्ता गण प्रदीप श्रीवास्तव, जीतेंद्र कुमार, जगतपाल, मो. परवेज सिद्दीकी, एनसीसी. अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी, मालती शर्मा, चंद्रशेखर सिंह, विजय सिंह, सुधा सिंह, सुरेश कुमार, विश्वेश ओझा, कमला शंकर त्रिपाठी, अपर्णा जायसवाल, अभिजीत, अमर्त्य, खुशबू जायसवाल, राजकुमार विश्वकर्मा समेत शिक्षक अधिकारी और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# जिले में लगाये गये वृक्षों की सुरक्षा एवं देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारीः डीएम

## वृहद वृक्षारोपण अभियान के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनपद में 22 जुलाई एवं 15 अगस्त को वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जायेगा, इस अभियान में जिन विभागों को जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसके अनुरूप सभी तैयारियॉ समय से पूर्ण कर लें, जिन स्थलों पर वृक्षारोपण होना है उसका चयन करते हुये गड्ढे एक दिन पूर्व अवश्य खोदवा ले जिससे वृहद वृक्षारोपण अभियान का कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हो सके। उन्होने कहा कि जनपद में विभिन्न प्रकार के पौधरोपण जैसे ग्राम वन, नन्दन वन एवं आयुष वन की विशिष्ट स्थापना तथा विरासत वृक्षों के अंगीकरण एवं बाल पौध रोपण भण्डारा का आयोजन किया जाये। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी स्तर के जनप्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता सुनिश्चित की जाये। उन्होने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों, उपजिलाधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जो भी पौध लगाये जाये उसकी सुरक्षा एवं देखभाल के लिये ट्री गार्ड लगाये जाये क्योकि बगैर सुरक्षा व देखभाल के पौधे जीवित


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

नही रह सकते है, इसलिये समय-समय पर पौधे को पानी दिया जाये। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से भी अनुरोध किया है कि वृक्षारोपण अभियान के दौरान जो भी पौधे लगाये जाये उसकी देखरेख करते रहे। उन्होने कहा कि जनपद में लगाये गये वृक्षो की सुरक्षा एवं देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी है। वृहद वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत लगाये गये नोडल अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि लगाये गये पौधों का स्वयं भ्रमण करें, उसकी समीक्षा रिपोर्ट भी उपलब्ध करायेगें व फोटोग्राफी भी करायी जाये। वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान 22 जुलाई एवं 15 अगस्त जो पौधे लगाये जाये उसकी जियो टैगिंग भी करायी जाये। समस्त शिक्षण संस्थानों में वृक्षारोपण के सम्बन्ध में जानकारी समस्त छात्रों को प्रदान की जाये। वृक्षारोपण अभियान में भारत सरकार के विभागों/संस्थाओं को जोड़ते हुये उनका भी पूरा सहयोग लिया जाये। वृक्षारोपण अभियान में समाज के सभी लोगों का सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता प्राप्त करते हुये इसे वृहद अभियान का रूप दिया जाये। जनपद में वृक्षारोपण के सम्बन्ध में ऐसा वातावरण सृजित किया जाये कि आम जनमानस स्वयं इससे जुड़ जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत विभिन्न संगठनों को शहीद उद्यान पार्क (कम्पनी गार्डेन) में 17 जुलाई से 22 जुलाई तक पौध रोपण भण्डारा का आयोजन किया जायेगा जिसमें सभी संगठनों एवं मीडिया बन्धुओं को पौधों का वितरण किया जायेगा। पौधरोपण भण्डारा का शुभारम्भ जिलाधिकारी द्वारा पूर्वान्ह 10 बजे से कम्पनी गार्डेन में किया जायेगा। बैठक में बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जे0पी0 श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीस कमेटी की बैठक में शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मोहर्रम के त्यौहार और कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पट्टी कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद लोगों को शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की गई। क्षेत्राधिकारी पट्टी के साथ पट्टी के नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने शिरकत करते हुए मौजूद लोगों से आपसी सौहार्द कायम करते हुए त्यौहार मनाने की अपील किया और लोगों से गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखने के लिए आग्रह किया। नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने कहा कि सावन का मनभावन महीना तथा मोहर्रम के त्यौहार में आपसी प्रेम और एकता बनाए रखने की जरूरत है। पट्टी ने हमेशा आपसी सदभावना को कायम किया है। क्षेत्राधिकारी पट्टी दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है किसी भी प्रकार की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने जनता से इस संबंध में सहयोग की अपील किया और कहा कि कोई भी व्यक्ति अराजकता फैलाने की कोशिश करें या संदिग्ध दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दीजिये। पीस कमेटी की बैठक में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह, अब्बास नेता, प्रधान मुर्तजा राइन, सभासद गौरव श्रीवास्तव, सजीवन सोनी,राजेश सरोज, मोहम्मद कैफ, अखिलेश तिवारी, सत्य प्रकाश जयसवाल, नफीस खान शहीद पट्टी नगर के संभ्रांत लोग तथा अन्य नगरवासी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर स्थित काशीराम कालोनी के पास एक दिल दहलाने वाली घटना जिसमें पट्टी की नाबालिक बेटी को काशीराम कालोनी में रहने वाला प्रियांशू गुप्ता जिसकी माँ शहर के ही दया नर्सिंग होम में नौकरी करती है। अपने दोस्तों संग उठा ले गया और जबरिया दुराचार किया. मामले में नामजद तहरीर देते हुए लड़की के पिता ने पुलिस ने न्याय की गुहार लगायी है। नामजद तहरीर दिए जाने के बावजूद 24 घंटे बीत जाने के बाद भी आरोपी कुकर्मी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

# बालिकाओं की शिक्षा के लिये साकेत महाविद्यालय का गौरव

## महाविद्यालय को बी ग्रेड मिलने पर हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत बालिका महाविद्यालय को बी ग्रेड मिलने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें साकेत बालिका महाविद्यालय के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने खुशी जाहिर की है। बता दें कि मूल्यांकन के साथ ही प्रदेश के 8475 महाविद्यालय में से 29वाँ महाविद्यालय एवं महिला महाविद्यालय में 9वाँ महाविद्यालय बना, जिसका द्वितीय चक्र का मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है।


साकेत महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोलते प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव।

इस दौरान महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में समारोह आयोजित किया गया जिसमें सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य, नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष प्रेमलता सिंह, रोशन लाल उमरवैश्य, अरूणा केसरवानी अध्यक्षा केसरवानी महिला सभा, अजय क्रान्तिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्या ने कहा कि यह महाविद्यालय केवल प्रतापगढ़ के लिए नहीं बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा जगत के लिए एक उदाहरण है। नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने कहा कि साकेत महाविद्यालय प्रतापगढ़ का गौरव है, बालिका शिक्षा के क्षेत्र में इसका कार्य अद्वितीय है। हम इसके विकास के लिए हर सम्भव मदद के लिए उत्सुक है। नगर पालिका पूर्व अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने कहा कि इस महाविद्यालय को हम हृदय की गहराइयों से बधाई देते हैं। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों का स्वागत बी.एड्. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 अवधेश कुमार शर्मा ने किया और आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय के प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव व प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने किया।

## बरसात में ढहा कच्चा मकान, बेघर हुए परिजन

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अधिक बरसात होने के कारण कच्चा मकान ढह कर गिर गया जिसके कारण परिवार बेघर हो गया। पट्टी तहसील के बिबियाकरनपुर निवासी रोहित कुमार तिवारी का कच्चा घर वर्षा के सीलन के कारण शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे अचानक भर भराकर गिर गया, जिससे घर के अंदर रखा गेहूं, चावल, रजाई, बिस्तर, बाक्स सहित अन्य हजारों का सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। जानकारी पर जुटे आस पास के लोगों ने मलबे में दबे सामान को बाहर निकाला, इस दौरान परिवार के लोग बाहर होने के कारण बाल बाल बच गए। इसकी सूचना ग्राम प्रधान श्यामा देवी ने लेखपाल कमलेश पटेल को दी है।

# कांशीराम कालोनी मुर्गी फार्म में नगर पालिका ने चलाया महासफाई अभियान

## सफाई महाअभियान के तीसरे दिन सफाई के साथ हुआ एंटी लार्वा का छिड़काव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विगत 14 से आगामी 21 जुलाई तक चलने वाले सफाई महाअभियान के तीसरे दिन आज रविवार को नगर पालिका ने कांषीराम कालोनी मुर्गी फार्म में सफाई महाअभियान चलाया जिसमें पूरे परिसर में झाडू के बाद नालियों की सफाई कर एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया तथा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया और शाम को फागिंग की गई।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर


कांशीराम कालोनी में घास की कटाई करते सफाई कर्मचारी।

पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह एवं ईओ राम अचल कुरील के निर्देषन में सफाई कर्मी सुबह से ही कांषीराम कालोनी पहुंचकर सफाई अभियान शुरू कर दिये थे। इस दौरान नालियों के बगल उगी घासों की भी कटाई हुई। इस सफाई अभियान में नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई प्रभारी प्रषांत सिंह, स्वच्छ भारत मिषन के वरुण प्रताप सिंह आदि ने सहयोग किया। बता दें कि नगर पालिका ने शनिवार को सरोज चैराहे कटरा रोड पर सफाई अभियान चलाया था। यह सफाई अभियान आगामी 21 जुलाई तक चलता रहेगा। बता दें कि वर्षा ऋतु में मच्छरों के प्रकोप से होने वाले संचारी रोगों के रोकथाम के लिये शासन स्तर से एक सप्ताह तक सफाई अभियान सभी नगर निकायों में आयोजित किया गया है जिसके तहत हर रोज एक-एक वार्ड में सफाई महाअभियान चलाया जा रहा है।

# कांवरियों का जत्था बाबा धाम रवाना


शिव धाम के लिये रवाना होते कावरिया।

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** श्रावण माह के 14 दिन बुधवार को जगह-जगह से कांवरियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम समेत विभिन्न शिवालयों में जल चढ़ाने के लिए रवाना हुआ। इस दौरान भक्ति से ओतप्रोत श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारा किया। रवानगी से पूर्व ढोल-नगाड़े डीजे की धुन पर जमकर थिरकने के साथ उद्घोष हुआ। पूरा वातारण शिवमय हो गया। अन्य क्षेत्रों से कांवरियों का आगमन होता रहा। कांवरियां पूरे रास्ते पर नाचते गाते व बोलबम का उद्घोष करते देखे गए। इन कांवरियों के उमंग व जोश देखते ही बन रहा था बुधवार को दयाल गंज बाजार से मा शक्ति पीठ के दर्शन कर कांवरियों के जत्थे में लाल बहादुर गुप्ता गुड्डू तिवारी प्रदीप तिवारी राधेश्याम पांडे मंटू दुबे सोनू गुप्ता राजकुमार दुबे लाला मिश्रा दीपक सिंह कमलेश कुमार गुप्ता अजीत राहुल तिवारी राजेश सिंह आदि शामिल रहे।

# प्रमोद तिवारी के व्यक्तित्व एवं कार्यशैली की वक्ताओं ने की सराहना

## सद्भावना दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया प्रमोद तिवारी का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी का जन्म दिवस सद्भावना दिवस के रूप में नगर के शैल श्याम पैलेस में केक काटकर धूमधाम से मना। इस कार्यक्रम में ग्रामीण इंटर कॉलेजेज के अध्यक्ष, पूर्व प्रदेश महासचिव पं॰श्याम किशोर शुक्ल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय हिंदी साहित्य सम्मेलन के राष्ट्रीय सेक्रेटरी, गंगापार श्याम कृष्ण पांडे एवं विशिष्ट अतिथि विजय प्रकाश पूर्व विधायक चायल तथा विशिष्ट अतिथि मुकुंद तिवारी प्रदेश महासचिव रहे। संचालन का कार्य डॉ श्याम शंकर शुक्ला श्याम ने


प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर केक काटते कांग्रेसी।

किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ प्रशांत देव शुक्ल सदस्य पीसीसी ने बड़ी भव्यता के साथ किया।

सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया मुख्य अतिथि श्याम कृष्ण पांडे ने अपने उद्बोधन के माध्यम से कहा कि प्रमोद जी बहुत भाग्यशाली हैं यहां के लोग उन्हें बहुत प्यार करते हैं। विशिष्ट अतिथि विजय प्रकाश ने प्रमोद जी से जुड़े कई संस्मरण सुनाए और कहा मैं उनके साथ एक समर्थित सहयोगी की भांति रहता हूं उनको यदि युगपुरुष कहा जाए तो अतिशयोक्ति नही होगी। विशिष्ट अतिथि मुकुंद तिवारी ने कहा कि नेता प्रमोद का व्यक्तित्व बड़ा गरिमामई होने के साथ-साथ सबके लिए समर्पित रहता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष पं श्याम किशोर शुक्ला ने कहा कि प्रमोद तिवारी एक आदर्श राजनेता के रूप में काम कर रहे हैं सद्भावना शब्द उनके जन्मदिवस से जोड़ना उनके व्यक्ति के अनुरूप हैं उन्हें जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्र, सुधाकर तिवारी, इरफान अली नगर अध्यक्ष, डॉ प्रशांत देव शुक्ल, डॉ नीरज त्रिपाठी, कपिल द्विवेदी, उज्ज्वल सोनकर अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद, रोहित शुक्ला, श्याम शंकर मिश्रा, यमुना प्रसाद पांडे, उज्जवल शुक्ला, सरोज कश्यप, सुनीता पटेल, सूर्य प्रकाश शुक्ल, मौलाना वाहिद, दानिश माबूद, डॉ अजय सिंह, लल्लन दुबे गोरखपुर आदि रहे। कार्यक्रम को अपने स्वर से सोहर और कचरी का गायन कर विनय प्रिय मधुकर ने समा बांधा साथ में प्रियम तिवारी भी रहे।

## प्रमोद तिवारी की दीघार्यु के लिये मस्जिद में मांगी गई दुआ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के जन्मदिन के मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रमोद तिवारी यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष दानिश माबूद ने पदाधिकारियो के साथ मस्जिद में प्रमोद तिवारी के लंबी उम्र की दुआ की। इसके बाद एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के प्रांगण में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता दानिश माबूद ने तथा संचालन प्रमोद तिवारी यूथ ब्रिगेड के नगर अध्यक्ष उत्कर्ष उपाध्याय ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए दानिश माबूद ने कहा कि विकास पुरुष मा0 प्रमोद तिवारी जी गंगा जमुनी तहजीब के सशक्त हस्ताक्षर हैं इनकी बानगी एक ऐसे नेता के रूप में है जो शेर और बकरी को एक साथ एक घाट पर पानी पिलाते हैं। उत्कर्ष उपाध्याय ने कहा कि प्रमोद तिवारी जी राजनीति के अजातशत्रु हैं। विपक्षी भी इनके राजनीतिक कौशल के मुरीद हैं। मुख्य रूप से शाहिद अली सिद्दीकी, शाद सिद्दीकी, सुधीर सरोज, सुहैल अंसारी, आरिफ राइन, धर्मेंद्र कुमार, शादाब, मोबीन, नदीम अंसारी मौजूद रहे।

# सुदूर ग्रामीण स्तर पर करें सेवा कार्यः जगत नारायण श्रीवास्तव

## लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष का अधिष्ठापन समारोह संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब इंटरनेशनल 321 के मंडल अध्यक्ष लायन जगत नारायण श्रीवास्तव ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को क्लब से जोड़ा जाए तथा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों को विशेष प्राथमिकता दी जाए, स्वास्थ्य कार्यक्रमों के साथ विभिन्न सामाजिक कार्यों को शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कर गरीब तथा असहाय लोगों को उपचार करा कर उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने ब्लड डोनेशन स्वच्छता तथा पर्यावरण कार्यक्रम पर विशेष बल दिया। मंडल अध्यक्ष लायंस क्लब प्रताप हर्ष के 21वें अधिष्ठापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नई टीम को बधाई देते हुए पूरे उल्लास


अधिष्ठापन समारोह में मौजूद अतिथिगण।

के साथ लायंस क्लब को आगे बढ़ाने तथा सेवा कार्य की रिपोर्टिंग पर बल दिया अधिष्ठापन समारोह के मुख्य वक्ता वाइस मल्टीपल काउंसिल चेयर पर्सन सी.ए.सौरव कांत ने नई टीम को बधाई देते हुए नए कीर्तिमान स्थापित करने तथा क्लब को आगे ले जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज के गरीब लोगों के जीवन में परिवर्तन लाएं उन्होंने सोच को परिवर्तित करने का हर व्यक्ति के अंदर की क्षमता को निखारने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आत्मबल को बढ़ाकर सबसे बड़ी सेवा कर सकते हैं। अधिष्ठापन समारोह में पदारोहण अधिकारी उपाध्यक्ष प्रथम बलवीर सिंह बग्गा ने सदस्यों को शपथ दिलाई सेवा कार्यों से जुड़ने का आह्वान किया समारोह में दीक्षा अधिकारी उप मंडल अध्यक्ष अर्पणधर दूबे ने दीक्षा दी तथा नई टीम को बधाई देते हुए भव्य आयोजन की सराहना की समारोह की अध्यक्षता लायंस क्लब प्रतापगढ़ हर्ष के अध्यक्ष लायन कुंवर बहादुर सिंह ने की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष जगत नारायण श्रीवास्तव, मुख्य वक्ता वाइस मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन सी.ए.सौरभ कांत उप मंडल अध्यक्ष प्रथम लायन बलबीर सिंह बग्गा, उपमंडल अध्यक्ष लायन द्वितीय डॉक्टर अर्पणधर दूबे, कैबिनेट सचिव लायन मनीष गुप्ता, रीजन चेयरपर्सन लायन राजीव श्रीवास्तव, जोन चेयरपर्सन लायन शिशिर खरे, कैबिनेट पीआरओ ऋषि जायसवाल,मल्टीपल पीआरओ लायन सुधीर भल्ला, एसोसिएट केबिनेट सेक्रेट्री लायन मनोज खत्री, कैबिनेट सेक्रेटरी एडमिनिस्ट्रेशन सुनील दुबे, गोपाल श्रीवास्तव एडिशनल सेक्रेटरी, लायन चंदन खन्ना वाराणसी,लायन शिरीष श्रीवास्तव जोन चेयर पर्सन प्रयागराज को प्रतीक चिन्ह भेंट किया तथा संतोष भगवन, राजेश पाल सचिव, अरविंद सिंह कोषाध्यक्ष, डा. क्षितिज श्रीवास्तव, अमितेंद्र श्रीवास्तव, सतीश चंद्र शर्मा, रामेश्वर पांडे, लाल जी चैरसिया, अनिल पांडे,अमरनाथ सिंह, डा. आमोद शुक्ला, आशुतोष त्रिपाठी, अजय श्रीवास्तव, आलोक सिंह, के.पी.सिंह, पवन भगवन ,राजेंद्र बहादुर सिंह व क्लब के सदस्यों द्वारा मंचासीन अतिथियों को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कवि साहित्यकार पत्रकार श्याम शंकर शुक्ल श्याम जी ने किया। इस अवसर पर 8 नए सदस्यों अशोक प्रताप सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, सुभाष चंद्र सोनी, विनीता सिंह,सरिता पाल, कमलेश्वरी सिंह, आशा चैरसिया शक्ती कुमार पांडेय को सदस्यता दी गई। कार्यक्रम में डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा,लायंस क्लब प्रतापगढ़ अवध के अध्यक्ष निलेश मिश्रा, सचिव पंकज शुक्ला, इंजीनियर लालचंद पांडे, लायंस क्लब प्रतापगढ़ की अध्यक्ष अनीता पांडे, सचिव कुसुम पिंकी दयाल, सचिव मीना पुष्पाकर, लायंस क्लब गौरव की अध्यक्ष डाली केसरवानी, सचिव मालिनी केसरवानी, कोषाध्यक्ष श्रद्धा केसरवानी, मनीष केसरवानी आदि लायन उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू में मनाया गया आईसीएआर का स्थापना दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) का 95वां स्थापना दिवस एन.ए.एस.सी कॉम्प्लेक्स के डॉ. सी. सुब्रमण्यम ऑडिटोरियम नई दिल्ली में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू में किसानों को दिखाया गया। साथ ही साथ कृषि विज्ञान केन्द्र प्रतापगढ़ में भी आई.सी.ए.आर. स्थापना दिवस मनाया गया इस अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने बताया कि 16 जुलाई, 1929 को स्थापित इस संस्था का नाम पहले इंपीरियल काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च था। भारत में बागवानी, मात्स्यिकी और पशु विज्ञान सहित कृषि के क्षेत्र में समन्वयन, मार्गदर्शन और अनुसंधान प्रबंधन व शिक्षा के लिए यह परिषद सर्वोच्च निकाय है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने देश में हरित क्रांति लाने और उसके बाद कृषि में निरंतर विकास में अपने अनुसंधान व प्रौद्योगिकी विकास में अहम भूमिका निभाई है। पशु चिकित्साधिकारी डा0 अमित बरनवाल ने किसानों को पशु विज्ञान, मुगीपालन और मत्स्य पालन में विकसित प्रौद्योगिकियों को बताया और कहा कि बिना पशुपालन के खेती से अधिक उत्पादन लेना व किसान की आय दोगुना करना सम्भव नही है इस लिए पशुपालन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। स्थापना दिवस के मौके पर कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू में तकनीकी प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें कृषि तकनीकि, गुणवत्ता और किसानों की आय बढ़ाने के लिये विभिन्न आईसीएआर संस्थानों द्वारा विकसित नई तकनीकियों को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा, मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए मक्का, ज्वार, बाजरा, रागी, सांवा और अन्य फसलों के लिए पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगिकियों को भी प्रदर्शित की गयी। इस कार्यक्रम में कुल 95 किसानों व महिलाओं ने सहभागिता की तथा केन्द्र के हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, डा0 नवीन सिंह, डा0 भाष्कर शुक्ला, श्रीमती स्वाती दीपक दुबे, डा0 अवधेश सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, डा0 रणजीत सिंह, यतेन्द्र कुमार, विनोद चैरसिया, जुगुल किशोर तिवारी, रविशंकर, जी0 आर0 पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मासूम के साथ किशोर ने किया अप्राकृतिक कुकर्म, गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में एक 5 साल के बच्चे के साथ किशोर ने अप्राकृतिक कुकर्म किया है,कुकर्म के दौरान बच्चे के अंग से खून निकलने लगा तो बच्चे ने अपने घर पर यह बात बता दिया,परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने किशोर को गिरफ्तार कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार को मासूम अपने घर के पास खेल रहा था दोपहर करीब एक बजे गांव का ही किशोर मासूम को टाफी एवं बिस्किट खिलाने के बहाने उसे गांव के जूनियर हाईस्कूल के पीछे ले जाकर उसके साथ अप्राकृतिक कुकर्म किया, जिससे बच्चे के गुप्तांग से खून निकलने लगा। रोते बिलखते मासूम अपने घर पहुंचा और परिजनों को सारी बात बताई, जिस पर परिजनों ने यूपी 112 पर फोन कर दिया,मौके पर पहुंची यूपी 112 और शहजादपुर चौकी प्रभारी प्रमेश यादव ने परिजनों से बात कर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए दोषी युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं मासूम को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गड्ढे में फंसकर ट्रक में घुसी कार एक की मौत तीन लहूलुहान

## चित्रकूट से दर्शन कर कार सवार वापस लौट रहे थे प्रयागराज









**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे के चलते गड्ढे में फंसकर एक कार सड़क में खड़ी ट्रक से जा घुसी है तेज हादसे में एक महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई है और 3 लोग गंभीर रूप से लहूलुहान हैं हादसा होते ही कार में चीख-पुकार मच गई घटना रविवार की भोर 4:00 बजे मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा चौराहे के पास की है दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है और मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक महिला झारखंड के झरिया धनबाद की रहने वाली है और इलाहाबाद के सिविल लाइंस स्थित एक होटल में नौकरी करती थी कार सवार चित्रकूट घूम कर वापस प्रयागराज लौट रहे थे

जानकारी के मुताबिक झारखंड के झरिया धनबाद निवासी पूनम देवी उम्र 22 वर्ष पुत्री राम विलास प्रयागराज के सिविल लाइन स्थित एक होटल में नौकरी करती है पूनम अपनी सहेली ममता 20 वर्ष सनी 35 वर्ष संजीव 32 वर्ष के साथ चित्रकूट घूमने कार से गए थे चित्रकूट घूमने के बाद कार सवार शनिवार की रात्रि वापस प्रयागराज लौट रहे थे जैसे ही कार सवार मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा चौराहे के पास पहुंचे सड़क पर गड्ढे में फंसकर अनियंत्रित होकर ट्रक में पीछे से घुस गई हादसा इतना भयानक था कि देखने वालो के रूह कांप गए तेज आवाज सुनकर आसपास के घरों के लोग बाहर निकले दुर्घटना देखकर आसपास के लोगों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंची टेवा पुलिस ने कार सवारों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला तब तक पूनम देवी 22 वर्ष की मौत हो चुकी थी हादसे में ममता सनी संजीव गंभीर रूप से घायल होकर तड़प रहे थे पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है और मृतक पूनम देवी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी पुलिस ने मृतक महिला के परिजनों को फोन के जरिए दे दी है जानकारी मिलने के बाद इलाहाबाद के कुछ लोग जिला अस्पताल पहुंच गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### अन्तर्जनपदीय अवैध गांजा तस्करी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कब्जे से 70 किलो ग्राम गांजा (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 09 लाख रू0) व मोटरसाइकिल बरामद**



**कौशाम्बी** कोखराज थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा दो संदिग्ध व्यक्तियों के कब्जे से 70 किलो गांजा बरामद किया गया है पकड़े गए गांजा तस्कर पड़ोसी जनपद के हैं और लगातार गांजा तस्करी में लिप्त हैं। विगत कुछ दिनों से पड़ोसी जनपदों से गांजा सप्लाई की सूचना प्राप्त हो रही थी जिसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा टीमों का गठन कर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में थाना कोखराज व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण रात्रि गश्त व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सिराथू टोल प्लाजा के पास से दो अभियुक्तों राज प्रताप सिंह पुत्र शिव नरेश सिंह निवासी हसनपुर कसार थाना सुल्तानपुरघोस जनपद फतेहपुर व ननका पासी पुत्र चौबा पासी निवासी हसनपुर कसार थाना सुल्तानपुरघोस जनपद फतेहपुर को 70 किलोग्राम अवैध गांजा (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 09 लाख रू0 ) के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्तों की जामातलासी से एक अदद मोबाइल फोन ( विवों ). 400 रुपए तथा एक अदद मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे ( वढ 71 अ 1877 ) बरामद कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है

### विज्ञान गणित मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में यूपीएस राला सिराथू के नौनिहालों ने लहराया परचम



**कौशाम्बी** मंडल स्तरीय प्रतियोगिता प्रयागराज के एमएन एन आईटी संस्थान में 15 जुलाई को आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में यूपीएस राला सिराथू के नौनिहालों वंश यादव कक्षा-8 एवं शुशांक सिंह कक्षा-6 ने मण्डल स्तरीय विज्ञान गणित प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए यूपीएस राला के प्रधानाध्यापक शिव प्रताप सिंह एवं सहायक अध्यापक चन्दभवन एवम समस्त स्टॉप ने बच्चों को बधाई दी है

# नव सृजित थाना संदीपन घाट की आवंटित जमीन पर किया गया पौधा रोपण



**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना के लिए आवंटित भूमि पर थाना प्रभारी दिलीप कुमार सिंह और समस्त पुलिस स्टाफ द्वारा पौधारोपण किया गया प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में ढाई सौ फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण नवसृजित थाना परिसर संदीपन घाट में पुलिस कर्मियों द्वारा किया गया पौधारोपण के दौरान थानाध्यक्ष और पुलिसकर्मियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने जामुन आम शीशम व नीम के पौधे का रोपण कार्य किया। साथ ही उपनिरीक्षक भगवान यादव, धर्मेंद्र सिंह, संजय कुमार राय, हेड कांस्टेबल ललित बहादुर ,श्रीप्रकाश, राजेश कुमार ,मुकेश कुमार, कांस्टेबल विनीत सिंह ,सुरेश चंद्र ,मनोज कुमार ,लवलेश कुमार ,योगेश सिंह ,देवेंद्र सिंह ,उपेंद्र चौहान ,सहित समस्त पुलिस स्टाफ द्वारा थाने की आवंटित जमीन पर पौधों का रोपण कार्य किया गया। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि पौधे लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान के समर्थन में थाने की आवंटित जमीन में लगभग 250 पौधों का वृक्षारोपण किया गया है। जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को जहां पर्यावरण संरक्षण के संबंध में पौधरोपण करने का संदेश मिलेगा। वहीं आने वाले समय में थाना परिसर में स्वच्छ पर्यावरण एवं साफ सुथरा हरा भरा वातावरण रहेगा।

### धूमधाम से मनाया गया सीएससी दिवस

**कौशाम्बी** जनपद में रविवार को सीएससी दिवस सभी सीएससी संचालकों ने बड़े धूमधाम से मनाया जिसमें सीएससी पारा हसनपुर के केंद्र प्रभारी राकेश मौर्य ने सभी सीएससी संचालकों को बधाई प्रेषित किया उनके द्वारा आज आने वाले सभी लोगों को मुफ्त में सभी प्रकार के ऑनलाइन फार्म भरे गए और प्रभारी ने कहा कि जब से यह सुविधा शासन से मिली है लोगों को काफी लाभ हुआ है पहले लोगो को किसी भी प्रकार की सरकारी सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करनी होती थी तो उन्हें दर दर को ठोकर खाने को मजबूर होना पड़ता था उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी हम लोग जन जन तक सरकारी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने में प्रयासरत रहेंगे।

### दो बच्चों की अम्मा नकदी व जेवर लेकर प्रेमी के साथ फरार

**कौशाम्बी** पति से विवाद के बाद विवाहिता अपने मायका माता पिता के घर कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम रोही में रहने लगी थी 10 दिन पहले अपने दो बच्चों को छोड़कर विवाहिता घर से 50 हजार रुपए नगद सोने का मंगलसूत्र चांदी की करधनी चांदी की पायल दो सोने के लॉकेट लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई है बताया जाता है कि प्रेमी प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बम्हरौली गांव निवासी अनिल कुमार है विवाहिता के फरार हो जाने के बाद परिजनों ने कोखराज थाना पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर प्रेमी के परिजनों को भी घटना में शामिल बताते हुए विवाहिता को बरामद करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है

### मजार पर न जाने को लेकर हुआ विवाद विहिप के हंगामे के बाद दर्ज हुआ केस

**कौशाम्बी** पश्चिम शरीरा कोतवाली में रविवार को विहिप गौ रक्षा प्रमुख रूपेंद्र शर्मा की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ताओ ने थाने में हंगामा किया।पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के आषाढा गाँव निवासी रामानंद पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि उसकी तबियत खराब रहती है जिसको ठीक करने के लिए बीती रात को गाँव के ही नसीम पुत्र उमर उल्ला व उसका पुत्र नदीम उसको ठीक करने के लिए एक मजार ले जाने के लिए कहे तभी रामानन्द ने मना कर दिया जिसके ठीक आधे घंटे बाद नसीम अपनी पत्नी व पुत्र नदीम और दस अज्ञात लोगो के साथ लाठी,तमंचा,और बम के साथ उसके दरवाजे में खड़े होकर जान से मारने की धमकी देकर वहाँ से चले गए जिसमे पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को पकड़ लिया है।इस दौरान विहिप प्रखंड संयोजक गणेश वर्मा, जगदीश केशरवानी,करन मौर्या, राम सरन,अमित पाठक, प्रिंश सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेटी की ससुराल जा रहे अधेड़ की एमपी में सड़क हादसे में मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चायल कौशाम्बी** सांदीपनघाट थाना क्षेत्र के दरवेशपुर के रहने वाले जीवन आरख पुत्र बड़े लाल बीते दो दशक से पिपरी थाना क्षेत्र के मखाऊपुर गांव में अपने परिवार के साथ ससुराल में रह रहे थे जीवन आरख के पांच संताने हैं जिसमें तीन बेटियों की शादी कर चुके हैं एक बेटी और एक बेटा छोटा है बीते वर्ष उन्होंने अपनी एक बेटी की शादी मध्य प्रदेश के फूप थाना क्षेत्र के रायपुरा गांव में की थी उनका बेटा गुलशन मध्य प्रदेश रायपुरा अपनी बहन के ससुराल गया था बेटी के घर में मौजूद अपने बेटे गुलशन को बुलाने 13 जुलाई की शाम को जीवन आरख अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक से मध्यप्रदेश के रायपुरा बेटी की ससुराल जा रहे थे मध्य प्रदेश के फूप थाना क्षेत्र में बेटी के घर से कुछ पहले उनकी बाइक में कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया है हादसे में गंभीर लहूलुहान होकर बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिर पड़े हैं जिससे जीवन आरख की हालत गंभीर हो गई है आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन अस्पताल में इलाज शुरू होने के पहले ही जीवन आरख उम्र 48 वर्ष की मौत हो गई है दूसरे घायल की हालत गंभीर है मौत की जानकारी जैसे ही उनके गांव मखाऊपुर में पहुंची कोहराम मच गया है मृतक गरीब था और थोड़ा बहुत किसानी कर के परिवार का जीविकोपार्जन करते थे कमाऊ व्यक्ति के मौत होने के बाद परिवार में आर्थिक संकट भी आ गया है जैसे ही जीवना आरख का शव रविवार की भोर में घर पर पहुंचा घर परिवार में कोहराम मच गया है

## हादसे में एक अन्य घायल शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम



### विद्युत करंट से बालक की मौत

**भरवारी कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के मेहता रोड निवासी ऋतिक उम्र 12 वर्ष पुत्र संदीप केसरवानी रविवार को 11:00 बजे विद्युत करंट की चपेट में आ गया है जिससे बालक की दर्दनाक मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है आसपास के लोगों का जमावड़ा मृतक बालक के घर पर लगा हुआ है



### सड़क दुर्घटना में अज्ञात व्यक्ति की मौत, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मी ढाबा (कनवार बॉर्डर और अझुवा के बीच) राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती देर रात सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है जिसे अझुवा चौकी पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजकर शव शिनाख्त में जुट गई है मृतक युवक का सड़क दुर्घटना में सिर चेहरा वीभत्स हो गया है, जो देखने काबिल नही बचा है, मृतक के बाएं हाथ पर फारोक 786 लिखा है मृतक ब्लू रंग की जींस पहन रखा था,काली टीशर्ट केल्विन क्लेन लिखी अंडर वियर पहना हुआ है मौके पर रहे लोगों के अनुसार व्यक्ति सड़क पार कर रहा था तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है।पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी हुई है

### कुर्बान अली को बनाया गया प्रयागराज जिले से राष्ट्रीय मुस्लिम मंच का सह संयोजक



**कौशाम्बी** प्रयागराज जिले से कुर्बान अली को राष्ट्रीय मुस्लिम मंच का सह संयोजक नियुक्त किया गया है। संगठन के प्रति लगनशीलता देखकर कुर्बान अली को अखिल भारतीय सदस्य आरएसएस एवं राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के संरक्षक एवं मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के पदाधिकारियों ने प्रयागराज जिले से सहसंयोजक की सदस्यता ग्रहण कराकर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय मुस्लिम मंच से सह संयोजक बनाए जाने पर कुर्बान अली के चाहने वाले लोग निज निवास मनौरी गांव पहुंचकर बधाई व शुभकामनाएं दे रहे हैं। घर - परिवार और रिश्तेदारों के बीच खुशी का माहौल बना हुआ है और लोगों के बीच मिष्ठान बाटकर सुनहरे पल की खुशियां मना रहे हैं। राष्ट्रीय मुस्लिम मंच का प्रयागराज जिले से सह संयोजक बनाए जाने पर कुर्बान अली अति उत्साहित महसूस कर रहे हैं और उन्होंने संगठन के समस्त पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किए। कुर्बान अली से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि सदैव संगठन के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा और संगठन का विस्तार करने में हमेशा के लिए मेरा अहम योगदान रहेगा।

### सेंध काटकर जेवर नगदी समेत लाखों का सामान उठा ले गए चोर

**कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव में हरीश चंद्र पांडेय पुत्र राम लखन पांडेय के घर बीती रात चोरों ने दीवाल में सेंध कर घर के अंदर घुसकर कमरे के अंदर रक्खा लोहे का बक्सा घर के बाहर चोर उठा ले गए हैं और गांव के बाहर बिंदेश्वरी के ट्यूबवेल के आगे भारत जयसवाल के खेत में बक्सा को तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवर और नगद रुपए चोर उठा ले गए हैं खाली बक्सा सुबह खेत में मिला है मामले की तहरीर पुलिस को देते हुए पीड़ित परिवार ने बताया कि बक्से के अंदर 25 हजार रुपए नगद समेत चांदी की पायजेब पायल लाक्षा हाफ पेटी सोने की जंजीर मंगलसूत्र मातबेंदी झुमका सिंगार के सामान व कपड़ा आदि सामान चोर बक्से से निकाल ले गए हैं चोरी गए सामानों की कीमत लाखों में बताई जाती है खेत में चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता नगर पालिका के सभासद सूरज यादव पीड़ित के घर पर पहुंचे हैं और पुलिस को सूचना देने के बाद घटना का खुलासा का जल्द से जल्द कर माल बरामद करने के लिए उन्होंने थाना पुलिस से कहा है इसके साथ ही उन्होंने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया है कि उसकी हर संभव मदद की जाएगी

# सवर्ण होना बना गुनाह गरीब को नहीं मिला सरकारी आवास ! बरसात में गिरा घर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी** गरीबों के नाम पर अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों को दनादन प्रधानमंत्री आवास और मुख्यमंत्री आवास स्वीकृत किए जा रहे हैं लेकिन सवर्ण बिरादरी के होने के नाते मंझनपुर के नेहरू नगर रामलीला मैदान में रहने वाले बेहद गरीब होरीलाल केशरवानी बाबा जी को 10 वर्षों से मांग के बाद भी एक प्रधानमंत्री आवास नहीं स्वीकृत हो सका है खंडहर नुमा घर में होरी लाल अपनी जिंदगी के दिन गुजार रहे थे लेकिन इसी बीच बारिश के चलते होरी लाल का घर भरभरा कर गिर पड़ा है छत और दीवार गिर गई है अब वह सड़क किनारे दूसरे के चबूतरो में रहकर अपनी जिंदगी के दिन काट रहे हैं उनके पास रहने के लिए दूसरा घर नहीं है खाने के लिए आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है किसी तरह एक टाइम पेट भरते हैं लेकिन 10 वर्षों से आवास मांगने के बाद भी भाजपा सरकार और उनके नेताओं ने होरी लाल को आवास दिलाने में सिफारिश नहीं की है क्योंकि होरीलाल सवर्ण बिरादरी का है और यहां के नेता अनुसूचित जाति के हैं जिससे यह नेता सवर्णों का सहयोग करने को तैयार नही है खंडहर नुमा घर गिर जाने के बाद भी नगर पालिका से लेकर जिले के अधिकारियों को होरीलाल बाबा जी की गरीबी पर तनिक भी रहम नहीं आई है जिससे 10 वर्षों से आवास की मांग करने के बाद भी होरीलाल को एक सरकारी आवास नहीं मिल सका है अब सवाल यह है कि होरी लाल अधिकारियों को खुश नहीं कर पा रहा है जांच करने वाले लोगों को वह रकम नहीं दे पा रहा है जिससे गरीब होते हुए भी होरी लाल को जांच करने वाले अधिकारी गरीब मानने को तैयार नहीं है बरसात में घर गिर जाने के बाद होरी लाल के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है लेकिन उसके बाद भी जनपद मुख्यालय में रहने वाले होरी लाल की सुधि लेने वाले अधिकारी जनहित की बात करने वाले बड़े-बड़े नेता उसके घर नहीं पहुंचे हैं जिससे अधिकारी और नेताओं की जनविरोधी नीतियों का अंदाजा लगाया जा सकता है



### मनोज कुमार त्रिपाठी संयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत




**कौशाम्बी** जनपद में तैनात कोषाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी संयुक्त निदेशक कोषागार एवं पेंशन कानपुर मंडल, कानपुर बनाए गए हैं शासन ने जनपद कौशांबी में वरिष्ठ कोषाधिकारी के पद पर तैनात मनोज कुमार त्रिपाठी को पदोन्नत करते हुए संयुक्त निदेशक कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मंडल, कानपुर के पद पर स्थानांतरण किया है मनोज कुमार त्रिपाठी के संयुक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत होने पर कोषागार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ देकर माला पहनाकर उन्हें बधाई दी

### नगरीय अस्पताल के बाहर गंदगी खत्म करने की मांग




**कौशाम्बी** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के नेहरू नगर में स्थित नगरीय अस्पताल पंचायत भवन में चल रहा है इस पंचायत भवन के बाहर सड़क की पटरी पर कीचड़ जलभराव और गंदगी लगी हुई है अस्पताल में मरीजों का आना जाना है कर्मचारी और चिकित्सक भी अस्पताल में मौजूद रहते हैं लेकिन अस्पताल के बाहर सड़क के किनारे गड्ढा होने के चलते कीचड़ गंदगी और जलभराव रहता है जिससे दुर्गंध उठती है लेकिन फिर भी अस्पताल के बाहर की गंदगी दूर करने का प्रयास नगर पालिका मंझनपुर के अधिकारियो व सीएमओ ने भी नगरीय अस्पताल के बाहर लगी गंदगी को दूर करने के लिए प्रयास नहीं किया है इलाके के लोगों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है और कहा कि नगरीय अस्पताल मंझनपुर के बाहर सड़क की पटरियों के बड़े बड़े गड्ढे को समतल कराते हुए इंटरलॉकिंग लगाई जाए और साफ सफाई की व्यवस्था की जाए जिससे अस्पताल के आसपास दूषित और दुर्गंध वातावरण खत्म हो सके

### तीसरे दिन भी हुआ ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता



**कौशाम्बी** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में 17 वी सीनियर ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन रानी गार्डन कोयलहा चायल में तीन दिन से आयोजित हो रहा है प्रतियोगिता का तीसरे दिन के पांच चक्र की समाप्ति पर परिणाम निम्न हैं। पहले बोर्ड पर कानपुर के सी यम दीपक कतियार ने झांसी की पूर्वी राजपूत दुसरे बोर्ड पर नोएडा के अजय संतोष ने आगरा के श्रेयस सिंह को तीसरे बोर्ड पर मुरादाबाद के सौर्य प्रभाकर ने वाराणसी के गोविंद कुमार को चौथे बोर्ड मेरठ गोपाल कृष्ण महेश्वरी ने वाराणसी के विकल्प शुक्ल को हराया पांचवें बोर्ड पर प्रयागराज के प्रबल पाण्डेय और गाजियाबाद के अभिषेक शंकर के बीच ड्रा रहा सचिव राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 150 खिलाड़ियों ने 22 जिले वाराणसी, कानपुर, लखनऊ, आगरा गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा, गाजियाबाद, नोएडा, अलीगढ़, जौनपुर मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, बरेली, झांसी आदि से प्रतिभाग किया है यह प्रतियोगिता सात चक्र में की जा रही है जो की14 से प्रारंभ होकर 17 जुलाई तक चलेगी उद्घाटन समारोह में सचिव राघवेन्द्र, ज्वाइंट सेक्रेटरी राकेश कुमार, चन्द्र प्रकाश,गौरव गर्ग, सुनील गुप्ता रवि चोपड़ा , अश्विनी मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे

### करेंट की चपेट से अधेड़ की मौत

**कौशाम्बी** पश्चिम सरीरा थाना के पूरब संरावा निवासी किसान संतोष करवरिया उम्र 40 वर्ष शनिवार की देर शाम खेत से वापस लौटने के बाद घर पहुंचे घर में वह करेंट की चपेट में आ गए आनन-फानन में परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर गए जहां उनकी मौत हो गई मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

# अपंजीकृत मानक विहीन संचालित निजी अस्पतालों के विरूद्ध कार्यवाही करें सुनिश्चित : डीएम

**अखंड भारत संदेश**




**जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में डीएम द्वारा दिए गए निर्देश को कैसे मानेंगे सीएमओ जब डिप्टी सीएम स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश को मानने को तैयार नहीं है सीएमओ**

**कौशाम्बी** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अपंजीकृत मानक बिहीन अस्पतालों पर कार्यवाही करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया है लेकिन सवाल उठता है कि जब उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने दो सप्ताह पूर्व मानक विहीन अस्पताल पर कार्यवाही करने का निर्देश सीएमओ को दिया था स्वास्थ्य मंत्री का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी मानने को कतई तैयार नहीं है तो वह जिलाधिकारी के निर्देश को कैसे मानेंगे केवल निर्देश देने से अवैध अस्पताल नहीं बंद होंगे जबकि अवैध अस्पताल बंद कराने के निर्देश कई वर्षों पूर्व उच्च न्यायालय ने भी निर्देश दे रखे हैं अवैध अस्पताल संचालकों पर कार्रवाई करने में हीला हवाली करने वाले सीएमओ को निलंबित कर उनकी गिरफ्तारी कराने की जरूरत है लेकिन सीएमओ पर कठोर कार्रवाई करने के बजाय केवल निर्देश के बाद दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं जिसका पालन होता नहीं दिख रहा है बैठक में जिलाधिकारी ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के निदेर्शानुसार जनपद में अपंजीकृत बिना मानक के संचालित निजी अस्पतालों के विरूद्ध की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जिन निजी अस्पतालों को नोटिस जारी की गई है तथा उनके द्वारा निदेर्शों का अनुपालन अभी तक नहीं किया गया है तो ऐसे सभी निजी अस्पतालों को सील किया जाय। सवाल उठता है कि आखिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी का निर्देश अवैध निजी अस्पताल संचालक मानने को तैयार नहीं है यह बड़ी जांच का विषय है इसके साथ ही उन्होंने निजी अस्पतालों का निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि अपंजीकृत मानक के अनुसार संचालित न पाये जाने पर अस्पताल को सील करने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय लेकिन जिन अस्पतालों में कथित चिकित्सकों की लापरवाही से मौतें हो रही हैं उन अस्पतालों को स्वास्थ्य महकमा सील नहीं कर सका तो डीएम के निर्देश पर कैसे अवैध अस्पताल को सीएमओ सील करेंगे उन्हांने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि माइक्रो प्लॉन बनाकर नियमित टीकाकरण में प्रगति लायी जाय तथा आर0सी0एच0 पोर्टल एवं मंत्रा ऐप पर शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही उन्हांने ई-कवच पोर्टल पर भी फीडिंग में प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने मातृ-मृत्यु सूचना एवं आडिट की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में प्रसव केन्द्रों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि और प्रसव केन्द्र बनायें जाय। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि कोल्ड चैन को मानक के अनुसार व्यवस्थित रखा जाय। उन्हांने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की जॉच करने के निर्देश दियें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सम्भव अभियान के तहत 3053 कुपोषित बच्चें चिन्हित किये गये है, जिस पर जिलाधिकारी ने चिन्हित कुपोषित बच्चों की सूची सम्बन्धित प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र की क्षमता और बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्र में और कुपोषित बच्चों को भर्ती कराया जाय। उन्होंने रोगी कल्याण समिति की नियमित बैठक कराने के निर्देश दियें तथा आशाओं का चयन करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि मरीजों को बाहर से दवा न लिखी जाय। बैठक में जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 96 प्रतिशत आशाओं का भुगतान किया जा चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने शेष आशाओं का भी भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दियें। उन्होंने संस्थागत प्रसव में प्रगति लाने तथा जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों का भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत जून माह में 23436 गोल्डेन कार्ड बनाये गये तथा जून तक कुल 326264 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी से प्रगति लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन पंचातय सहायकों द्वारा अभी तक एक भी गोल्डेन कार्ड नहीं बनाया गया है, उनकी सूची तथा जिन पंचायत सहायकों द्वारा 10 से कम गोल्डेन कार्ड बनाये गये हैं, उनकी सूची उपलब्ध करायी जाय। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ-मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम आदि की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें

संपादकीय

# समय बताएगा देश में युवाओं की संख्या वरदान या अभिशाप?

जनसंख्या के संबंध में कुछ मेगा रुझान इस प्रकार हैं। पहला, प्रजनन दर में तेजी से गिरावट आई है। अभी पचास साल पहले कुल प्रजनन दर (टोटल फर्टिलिटी रेट- टीएफआर) यानी बच्चा पैदा करने वाली उम्र की महिला से पैदा होने वाले बच्चों की औसत संख्या 4.5 थी। यह गिरकर 2.5 हो गई है। यह विश्व का औसत है। 2.1 के टीएफआर को 'प्रतिस्थापन दर' कहा जाता है जिसके बाद जनसंख्या का आकार स्थिर हो जाता है क्योंकि विकास दर शून्य हो जाती है।

इंसानी आबादी का छठा हिस्सा भारत में है जो इस ग्रह पर सबसे अधिक आबादी वाला देश है। आज दुनिया में रहने वाले आठ अरब लोगों में से सात अरब पिछले दो सौ वर्षों में पैदा हुए थे। इससे पता चलता है कि सहस्राब्दियों की लंबी अवधि की तुलना में बहुत कम समय में विश्व जनसंख्या की वृद्धि कितनी तेजी से हुई है। अगले सौ वर्षों में दुनिया की आबादी लगभग 1100 करोड़ पर स्थिर हो जाएगी।

जनसंख्या के संबंध में कुछ मेगा रुझान इस प्रकार हैं। पहला, प्रजनन दर में तेजी से गिरावट आई है। अभी पचास साल पहले कुल प्रजनन दर (टोटल फर्टिलिटी रेट- टीएफआर) यानी बच्चा पैदा करने वाली उम्र की महिला से पैदा होने वाले बच्चों की औसत संख्या 4.5 थी। यह गिरकर 2.5 हो गई है। यह विश्व का औसत है। 2.1 के टीएफआर को 'प्रतिस्थापन दर' कहा जाता है जिसके बाद जनसंख्या का आकार स्थिर हो जाता है क्योंकि विकास दर शून्य हो जाती है। अमीर देशों में टीएफआर कम है जबकि गरीब देशों में ऊंची है। दक्षिण कोरिया में टीएफआर संख्या 0.84 जितनी कम है। चीन में यह 1.28, रूस में 1.5, अमेरिका में 1.64 और भारत में 2.05 है। उच्च टीएफआर ज्यादातर अफ्रीका के गरीब देशों में पाई जाती है जिसमें नाइजर 4.6 और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य 5.8 पर है। अफ्रीका के 54 देशों की कुल आबादी भारत के लगभग बराबर है और आर्थिक आकार भी डॉलर के संदर्भ में तुलनीय है। अफ्रीका का आर्थिक विकास लगभग 6 प्रतिशत है और आने वाले वर्षों में बढ़ सकता है।

दूसरा मेगा ट्रेंड जीवन काल में वृद्धि है। यह (गलत तरीके से) माना जाता था कि दुनिया में आज अधिक लोग जीवित हैं जितने पहले कभी पैदा नहीं हुए थे। भले ही यह बयान गलत है लेकिन जनसंख्या में तेजी से वृद्धि के बारे में काफी नाटकीय जानकारी देता है। आजादी के पहले भारत में सामान्य जीवन काल 40 साल था जो अब बढ़कर दोगुना हो गया है। बुजुर्ग आबादी में वृद्धि का यह एक निहितार्थ है। भारत में चूंकि बुजुर्गों के पास अपने बुढ़ापे में बहुत कम आय या स्वास्थ्य सुरक्षा होती है इसलिए ये बुजुर्ग एक बड़ा सामाजिक बोझ हैं जिसे एक समाज के रूप में हमें सहन करना पड़ता है। विकसित देशों में बुजुर्गों की आय और स्वास्थ्य सुरक्षा की लागत उनके कामकाजी जीवन काल के दौरान उनकी आय से वित्त पोषित उनकी अपनी बचत और पेंशन द्वारा वहन की जाती है। इसके विपरीत भारत में यह खर्च सामान्य खजाने से वहन करना पड़ सकता है जिसका मतलब है युवा कामकाजी पीढ़ी पर कर का अधिक बोझ। भारत में प्रत्येक बुजुर्ग व्यक्ति की देखभाल के लिए कामकाजी उम्र के लगभग पांच लोग हैं जबकि जर्मनी और अन्य पश्चिमी देशों में एक बुजुर्ग के पीछे 2 कामकाजी व्यक्ति है।

तीसरा मेगा ट्रेंड शहरीकरण का है। 2007 में दुनिया ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया जिसमें दुनिया की 50 प्रतिशत से अधिक आबादी शहरी क्षेत्रों में रहती है। भारत में यह संख्या अभी भी 35 फीसदी के करीब है। हालांकि भारत की जनगणना में शहरी आबादी की कम गिनती के कारण वास्तविक प्रतिशत के बारे में कुछ संदेह है। फिर भी, आने वाले दशकों में भारत के तेजी से शहरीकरण की संभावना है जो शहरों में बढ़ती भीड़ में योगदान देगा। शहर आर्थिक विकास के वाहक भी हैं और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में उनकी हिस्सेदारी बहुत अधिक है। भारतीय शहरों के स्थानीय प्रशासन मॉडल में स्थानीय परिवहन (मेट्रो, बसें), सम्मेलन केंद्र, स्कूल व कॉलेज, पार्क तथा मनोरंजन केंद्र जैसे बुनियादी ढांचे की भारी मांग के लिए भुगतान करने के लिए पर्याप्त राजस्व आधार नहीं है। इसके विपरीत ग्रामीण क्षेत्रों को राज्य सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के माध्यम से वित्त पोषित किया जाता है जबकि शहर केवल संपत्ति कर या जीएसटी के हिस्से पर निर्भर करते हैं। फंडिंग के इस मॉडल को बदलना होगा। शहरों को अधिक स्वायत्तता और विकेंद्रीकृत शक्ति मिलनी चाहिए जैसा कि भारत के संविधान के 74वें संशोधन में उल्लिखित है।

दुनिया में चौथी मेगा प्रवृत्ति जनसंख्या वृद्धि, घनत्व और प्रसार का बढ़ता असंतुलन है। अधिक समृद्ध पश्चिम बूढ़ा हो रहा है जबकि एशिया, अफ्रीका व दक्षिण अमेरिका के कम विकसित देश युवा और गरीब हैं। इसे कभी-कभी उत्तर दक्षिण विभाजन के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि यह लाक्षणिक है तथा भौगोलिक नहीं है। यह असंतुलन समृद्ध देशों में श्रम की कमी के रूप में भी प्रकट होता है। अधिशेष श्रम प्रविष्टियां आसानी से अंतर को भर सकती हैं। वस्तुएं, सेवाएं, वित्तीय पूंजी और विचार सीमाओं के पार स्वतंत्र रूप से प्रवाहित हो सकते हैं किन्तु लोग स्वतंत्र रूप से सीमा पार नहीं कर सकते हैं। समृद्ध देशों में नौकरियां युवा श्रमिकों का इंतजार कर रही हैं लेकिन उन्हें जाने से रोकने के लिए आप्रवासन नियम और अन्य बाधाएं हैं। नौकरी करने या सेवा देने के लिए सीमा पार जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को समृद्ध देश में एक संभावित आप्रवासी के रूप में माना जाता है और इसलिए असंतुलन लगातार मौजूद है। अमीर देशों में श्रम की कमी एवं गरीब देशों में नौकरी की कमी साथ-साथ चलती हैं।

**इस प्रकार जनसंख्या संबंधी चिंताएं प्रवास और श्रमिकों के मुक्त आवागमन के मुद्दों से जुड़ी हुई हैं।**

यही विषय हमें भारत में जनसंख्या के मुद्दों पर लेकर आता है। सबसे पहले, आधे से अधिक भारतीय राज्यों में पहले से ही प्रतिस्थापन दर 2.0 से नीचे टीएफआर है। यह आम तौर पर प्रति व्यक्ति में अधिक है, महिला साक्षरता में अधिक है और ज्यादातर दक्षिण या पूर्व में स्थित हैं। इधर हिंदी पट्टी के कुछ राज्यों में टीएफआर अभी भी अधिक है जिससे देशव्यापी औसत 2.05 है। आने वाले वर्षों में हम देखेंगे कि उच्च टीएफआर राज्यों से निचले टीएफआर राज्यों में बड़े पैमाने पर श्रमिकों का पलायन होगा। हमारे संविधान ने कामकाज के लिए देश के भीतर कहीं भी आने जाने की गारंटी दी है और प्रवासन पैटर्न श्रम की कमी के कारण होने वाले अंतराल को भरने का काम करते हैं।

# महिलाएँ: समाज की वास्तविक वास्तुकार

**हमारा समाज** कहता है, पृथ्वी पर सबसे मूल्यवान वस्तु 'स्त्रियाँ' हैं। आइए इस धरती पर हर महिला को सलाम करें। 'महिलाएं समाज की वास्तविक वास्तुकार हैं, वे जो चाहें वह बना सकती हैं।' "एक महिला क्या चाहती है"? - समय, देखभाल और बिना शर्त प्यार, आदि। इस धरती पर प्रत्येक महिला गरिमा, संस्कृति और सम्मान का प्रतीक है। नारी के बिना यह संसार सूना और अंधा है। महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। निजी जीवन में महिला की भागीदारी काफी प्रभावशाली है। कई समाज घरों और समुदायों में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को नजरअंदाज करते हैं। महिलाओं के अवैतनिक श्रम को अक्सर न तो महत्व दिया जाता है और न ही जीडीपी में शामिल किया जाता है, जो अक्सर अनदेखा और गैर-मान्यता प्राप्त रहता है। अब यह पहचानने का समय आ गया है कि उनकी भूमिका और योगदान कितने महत्वपूर्ण हैं। आइए सुनिश्चित करें कि दोनों लिंग एक-दूसरे को भागीदार के रूप में देखें।

\-
**प्रियंका सौरभ**



"महिलाएं" एक सशक्त शब्द है. यह आकर्षक है क्योंकि यह प्यार, देखभाल, पोषण, दायित्वों, जिम्मेदारियों, शक्ति, अनंत काल, मातृत्व आदि को दर्शाता है। नारी समाज का दर्पण है। जब उसे हाशिये पर धकेल दिया जाता है, तो उस पर अत्याचार किया जाता है; यदि इसे पाला जाता है, तो समाज को पाला जाता है; यदि इसे मजबूत किया जाता है, तो यह सशक्त होता है। वह संस्कृति और रीति-रिवाजों को बनाए रखती है और उन्हें सामने लाती है। वह वह है जो अपने पति और उसके परिवार की परवाह करती है। दूसरे शब्दों में, वह समाज में सब कुछ बनाती है। एक महिला (माँ) उसकी संतान होती है, पहली शिक्षक; वह अपने बच्चों का प्यार से इलाज करने वाली पहली डॉक्टर हैं। वह अपने बच्चों को पढ़ाने वाली पहली शिक्षिका हैं, अपने बच्चों के साथ खेल खेलने वाली पहली साथी हैं। अपने बच्चे के विकास में उसका कार्य बहुत बड़ा है।

हमारे समाज में कई सालों से महिलाओं को पुरुषों से कमतर समझा जाता रहा है। इस प्रकार की हीनता के कारण उन्हें अपने जीवन में विभिन्न मुद्दों और समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खुद को पुरुषों के बराबर साबित करने के लिए उन्हें पुरुषों से ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। मध्य युग में लोग महिलाओं को विनाश की कुंजी मानते थे, इसलिए उन्होंने कभी भी महिलाओं को पुरुषों की तरह बाहर जाने और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी। फिर भी आधुनिक युग में महिलाओं को अपने दैनिक जीवन में कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और अपना करियर स्थापित करने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। कई माता-पिता केवल लड़का पैदा करना पसंद करते हैं और केवल लड़कों को ही शिक्षा देने की अनुमति देते हैं। उनके लिए महिलाएं परिवार को खुश और स्वस्थ रखने का माध्यम मात्र हैं।

एक महिला को समाज में अधिक उपहास की दृष्टि से देखा जाता है और यदि वह प्रेम विवाह या अंतरजातीय प्रेम विवाह में शामिल होती है तो उसे ऑनर किलिंग का खतरा अधिक होता है। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में स्वायत्तता, घर से बाहर गतिशीलता, सामाजिक स्वतंत्रता आदि तक समान पहुंच नहीं है। महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली कुछ समस्याएं उनकी घरेलू जिम्मेदारियों और सांस्कृतिक और सामाजिक निर्दिष्ट भूमिकाओं के कारण हैं।

भारत सरकार ने लैंगिक समानता और सभी महिलाओं और लड़कियों की आर्थिक स्वतंत्रता को आगे बढ़ाने के लिए हाल के वर्षों में कई नई नीतियां और सुधार लागू किए हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए, कुछ प्रमुख पहलों में 22 करोड़ महिलाओं के लिए जन धन खाते बनाना और उन्हें मुद्रा योजना के तहत कम ब्याज पर ऋण प्रदान करना शामिल है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पहल शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।

जनसंख्या की आवश्यकताओं के प्रति जिम्मेदार और उत्तरदायी निष्पक्ष, सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच प्राप्त करने का लक्ष्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का प्राथमिक फोकस है। महिलाओं को सशस्त्र सेवाओं में स्थायी कमीशन प्रदान करना और मातृत्व अवकाश की अवधि 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देता है और एक सक्षम वातावरण स्थापित करता है। बलात्कार को रोकने के लिए बनाए गए कानूनों को भी और अधिक सख्त बनाया जा रहा है।

इसके अलावा, उज्ज्वला कार्यक्रम, स्वाधार गृह कार्यक्रम और महिला शक्ति केंद्र उन मुद्दों से निपटने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों और कार्यक्रमों के कुछ महत्वपूर्ण उदाहरण हैं जिनका महिलाओं को आम तौर पर सामना करना पड़ता है। ये उन नीतियों और कार्यक्रमों के कुछ महत्वपूर्ण उदाहरण हैं जिन्हें लागू किया गया है। देश में महिलाओं के व्यापक सशक्तिकरण की गारंटी के लिए, सरकार, व्यापारिक समुदाय, गैर-लाभकारी संस्था और आम जनता सभी को मिलकर काम करना चाहिए। जन आंदोलन और जन भागीदारी के माध्यम से सामूहिक व्यवहार परिवर्तन भी आवश्यक है।

हमारा समाज कहता है, पृथ्वी पर सबसे मूल्यवान वस्तु 'स्त्रियाँ' हैं। आइए इस धरती पर हर महिला को सलाम करें। 'महिलाएं समाज की वास्तविक वास्तुकार हैं, वे जो चाहें वह बना सकती हैं।' "एक महिला क्या चाहती है"? - समय, देखभाल और बिना शर्त प्यार, आदि। इस धरती पर प्रत्येक महिला गरिमा, संस्कृति और सम्मान का प्रतीक है। नारी के बिना यह संसार सूना और अंधा है। महिलाएं समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। निजी जीवन में महिला की भागीदारी काफी प्रभावशाली है। कई समाज घरों और समुदायों में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को नजरअंदाज करते हैं। महिलाओं के अवैतनिक श्रम को अक्सर न तो महत्व दिया जाता है और न ही जीडीपी में शामिल किया जाता है, जो अक्सर अनदेखा और गैर-मान्यता प्राप्त रहता है। अब यह पहचानने का समय आ गया है कि उनकी भूमिका और योगदान कितने महत्वपूर्ण हैं। आइए सुनिश्चित करें कि दोनों लिंग एक-दूसरे को भागीदार के रूप में देखें।

# आशा और उम्मीद का प्रतीक होता है न्याय

**रमेश सर्राफ धमोरा**

न्याय शब्द एक आशा और उम्मीद का प्रतीक है। जब किसी को लगता है कि उसकी बात अच्छी तरह सुनी जाएगी तथा उन्हें अपनी बात कहने का पूरा अवसर मिलेगा वह न्याय है। न्याय शब्द एक नई रोशनी लेकर आता है। व्यक्ति के मन में एक उम्मीद जगाता है कि उनकी बात को पूरी तरह सुनकर ही निर्णय किया जाएगा। न्याय एक बहुत ही सम्मानित वह संतुष्टि प्रदान करने वाला शब्द है। आज भी जब दो व्यक्तियों के बीच में झगड़ा होता है तो दोनों एक दूसरे से कहते हैं कोर्ट में आ जाना फैसला हो जाएगा। यह लोगों की न्याय के प्रति आस्था का एक जीता जागता उदाहरण है।

न्याय पाना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार होता है। कोई भी सरकार या व्यवस्था तभी सफल मानी जाती है। जिसमें हर व्यक्ति को निष्पक्ष रुप से न्याय मिल सकें। हमारे देश में तो सदियों से न्यायिक प्रणाली बहुत मजबूत रही है। राजा महाराजाओं के जमाने में भी लोगों के साथ न्याय किया जाता था। जिनके उदाहरण हम आज भी देते हैं। भारत के महान सम्राट राजा विक्रमादित्य की न्याय प्रणाली की आज भी हर जगह चर्चा और सराहना होती है।

हमारा देश जब स्वतंत्र हुआ तो संविधान के निमार्ताओं ने न्यायपालिका को कार्यपालिका और विधायिका से अलग रखा। न्याय के लिए सशक्त कानून बनाए गए थे। देश के लोगों को सही व निष्पक्ष न्याय मिल सके इसके लिए लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक की स्थापना की गई थी। जो आज भी न्यायिक प्रक्रिया में संलग्न है। हमारे देश में न्यायपालिका की स्वतंत्रता का उदाहरण श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पद के अयोग्य ठहरा दिया जाना था। इससे अधिक न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मजबूती कहां देखने को मिल सकती है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून के शासन के तहत अदालतों को न्याय एवं अन्याय में फर्क करने का अधिकार हासिल हैं। सही क्या है तथा गलत क्या है यह अदालत विधान की पुस्तकों के आधार पर तय करती हैं। आज लम्बित मामलों की संख्या को देखकर कहा जा सकता है इंसाफ चाहने वाले पीड़ित लोगों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही हैं। हमारे देश की विधायी व्यवस्था में न्याय की शीर्षस्थ संस्था न्यायालय हैं।

विश्व न्याय दिवस अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय की उभरती प्रणाली को मान्यता देने के प्रयास के तहत 17 जुलाई को दुनिया भर में मनाया जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। हर साल दुनिया भर के लोग इस दिन का उपयोग अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए करते हैं। यह दुनिया में आधुनिक न्यायालय प्रणालियों की स्थापना का भी स्मरण कराता है। यह दिन मौलिक मानवाधिकारों की वकालत और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

अंतर्राष्ट्रीय न्याय के लिए विश्व दिवस का उद्देश्य आईसीसी के प्रयासों की सराहना करना और अंतरराष्ट्रीय अपराधों के पीड़ितों के लिए न्याय को बढ़ावा देने के लिए सभी को एकजुट करना है। 17 जुलाई 1998 को 120 देशों ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के रोम संविधि नामक एक संधि पर हस्ताक्षर करने के लिए एक साथ आए थे। रोम संविधि पर हस्ताक्षर करने का दिन मनाने के लिए विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस तब से हर साल मनाया जाता रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय या आईसीसी विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस में शामिल एक महत्वपूर्ण प्राधिकरण है। यह न्यायालय सबसे गंभीर अंतरराष्ट्रीय अपराधों वाले व्यक्तियों का विश्लेषण करता है और उन पर आरोप लगाता है। इनमें नस्लीय हत्याएं, युद्ध के दौरान अपराध, मानवता के अपराध और आक्रामकता के अपराध शामिल हो सकते हैं। आईसीसी राष्ट्रीय अदालतों का विकल्प नहीं हो सकता है लेकिन यह तब उपलब्ध होता है जब कोई देश जांच नहीं कर सकता है।

हमें बहुत से लोगों से अक्सर यह सवाल सुनने को मिलता है कि न्याय कहां मिलता हैं। इस प्रश्न का होना भी यह बताता है कि आज भी आम आदमी को आसानी से न्याय नहीं मिल पा रहा हैं। न्याय के बारे में एक पुरानी अंग्रेजी कहावत है कि न्याय में देरी करना न्याय को नकारना है और न्याय में जल्दबाजी करना न्याय को दफनाना है।

यदि इस कहावत को हम भारतीय न्याय व्यवस्था के परिपेक्ष्य में देखे तो पाएगे कि इसका पहला भाग पूर्णतः सत्य प्रतीत होता हैं। सीमित संख्या में हमारे जज और मजिस्ट्रेट मुकदमों के बोझ तले दबे प्रतीत होते हैं। एक मामूली विवाद कई सालों तक चलता रहता है तथा पीड़ित को दशकों तक न्याय का इतजार करना पड़ता हैं। यही वजह है कि लोगों में न्याय के प्रति गहरे असंतोष के भाव हैं। वे अपने साथ हुए अन्याय के विरुद्ध इसलिए कोर्ट नहीं जाते क्योंकि उनके यह भरोसा नहीं रहा कि न्याय उसके लिए मददगार होगा।

आज भी न्यायपालिका परेशान लोगों के लिए सांत्वना का माध्यम है। निराश लोगों के लिए आशा की किरण है। गलत काम करने वाले लोगों के लिए भय का कारण है तथा कानून का पालन करने वाले लोगों को राहत देती है। यह बुद्धिमान और संवेदनशील लोगों के लिए एक घर के समान है। एक ऐसी शरण स्थली है जहां गरीब और अमीर दोनों को ही आसानी से न्याय मिलता है। न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठने वाले लोगों के लिए यह एक सम्मान और गर्व का स्थान होता है।

परन्तु आज के समय में गरीब लोगों की न्यायालय में पहुंच बहुत कम हो गयी है। आज स्थिति यह हो चुकी है कि धूर्त लोग न्यायालयों का दुरूपयोग समाज के सम्मानित लोगों के विरुद्ध हथियार के रूप में करने लगे हैं। वे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सच्चा या झूठा मुकदमा दायर कर देते हैं और मुकदमा झेलने वाला व्यक्ति सारा जीवन स्वंय को निर्दोष सिद्ध करने में लगा देता है।

संविधान ने न्याय व्यवस्था की जिम्मेदारी अदालतों पर डाल दी है। वे ही न्याय के एकमात्र एवं सर्वोपरी स्त्रोत माने जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक भारत में उच्च न्यायालय एक मुकदमें का निर्णय सुनाने में लगभग चार वर्ष से अधिक का समय लेते हैं। उच्च न्यायालय से निम्न स्तरीय अदालतों का हाल तो इससे कही बुरा हैं। जिला कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक चलने वाले एक मुकदमें का अंतिम फैसला 7 से 10 साल में आता हैं। लोगों का मानना है कि भारत की न्याय प्रणाली में अधिक समय खर्च होने का मूल कारण मामलों की अधिकता हैं। लेकिन असल समस्या है मामलों का शीघ्र निपटान न हो पाना। केवल यह कहकर कि हमारे न्यायिक तन्त्र में खामियां बताकर उसे कोसते रहना उचित नहीं हैं।

देश दे सभी सभी नागरिकों, जजो, वकीलों तथा हमारी सरकारों का यह दायित्व है कि हम न्याय व्यवस्था को दुरुस्त करे। कोर्ट की तारीख पर तारीख देने की प्रवृत्ति पर रोक लगायें। मुकदमो के फैसलों की सीमा भी निर्धारित होनी चाहिए। आज अदालतो में मुकदमों का अम्बार लग रहा है इसका कारण न्यायाधीशों की कमी भी है। सरकार को इस समस्या का हल निकालने के लिए त्वरित प्रयास कर हमारी न्यायिक व्यवस्था को सुद्दढ़ बनाना चाहिए। तभी सभी को समय पर न्याय मिलने का सपना साकार हो सकेगा।

# लोकतंत्र को चुप कराने की कोशिश

भाजपा पर विपक्ष कई बार ये आरोप लगा चुका है कि मीडिया की आवाज को दबाया जा रहा है। मंगलवार को इस आरोप का एक जीवंत प्रसारण देखने मिल गया। टाइम्स नाउ चैनल की एक पत्रकार ने भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह से सीधे-सीधे कुछ सवाल किए। भाजपा सांसद उन सवालों के आधे-अधूरे जवाब देते रहे, कई बार सवालों को टालने की कोशिश की, लेकिन महिला पत्रकार ने फिर भी अपना कार्य जारी रखा यानी वे सवाल पूछती रहीं तो भाजपा सांसद ने कुछ तेज आवाज में कहा चुप। इस दबंगई भरे चुप के फरमान के बावजूद महिला पत्रकार रुकी नहीं, ब्रजभूषण शरण सिंह के गाड़ी में बैठने तक सवाल करती रहीं, तो सांसद महोदय ने गाड़ी का दरवाजा बंद किया, खिड़की के शीशे चढ़ाए, बिना यह देखे कि उसमें महिला पत्रकार का हाथ फंस रहा है और माइक गिर रहा है। यह सारा घटनाक्रम कैमरे में रिकार्ड हुआ है, इसलिए इसमें कहीं फोरेंसिक जांच की भी जरूरत नहीं दिख रही कि वीडियो की सत्यता की पुष्टि की जाए। जो कुछ घटा, कैमरे के सामने घटा और सब कुछ रिकार्ड हो चुका है।

करीब 3 साढ़े 3 दशक पहले एक फिल्म आई थी कर्मा, जिसमें डा. डैंग नाम का खलनायक बने अनुपम खेर का एक संवाद काफी चर्चित हुआ था कि इस थप्पड़ की गूंज तुम्हें मरते दम तक सुनाई देगी जेलर। ऐसा लग रहा है कि भाजपा सांसद के चुप की गूंज भी राजनीति में लंबे वक्त तक सुनाई देने वाली है। यह चुप किसी एक पत्रकार के लिए नहीं, समूचे मीडिया और लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार के लिए चुनौती बन गया है। भवानीप्रसाद मिश्र की कविता है-

सतपुड़ा के घने जंगल
नींद में डूबे हुए-से,
ऊंघते अनमने जंगल।
झाड़ ऊंचे और नीचे
चुप खड़े हैं आंख भींचे;
घास चुप है, कास चुप है
मूक साल, पलाश चुप है।

आज हम मानो लोकतंत्र को ऐसे ही किसी घने जंगल में तलाश रहे हैं, जहां जनता अब तक नींद में डूबी, अनमनी सी ऊंघ रही है। और लोकतंत्र के स्वघोषित पहरुए आंखें भींचे चुपचाप खड़े हैं। सत्ता अपने सामने अन्याय, अत्याचार, अधर्म देखकर चुप है। प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी टूटने का इंतजार देश कर रहा है कि कब वे मणिपुर में चल रही हिंसा पर कुछ कहेंगे। कब वे टमाटर के आकाश छू रहे दामों पर राहत की घोषणा करेंगे। कब श्री मोदी पहलवान बेटियों की इंसाफ की लड़ाई में अपने समर्थन की आवाज मिलाएंगे। और कब वे अपनी पार्टी के सांसद से कहेंगे कि आपके ऊपर आरोप है, तो आप अदालत का फैसला आने तक नैतिक आधार पर इस्तीफा दे दें। जब लखीमपुर खीरी कांड हुआ था, तब भी प्रधानमंत्री मोदी से ऐसी ही अपेक्षा की गई थी।

जनता तब भी निराश हुई थी। क्योंकि श्री मोदी ने किसान आंदोलन और किसानों को कुचलने के अपराध के बाद अपनी चुप्पी तोड़ी भी तो यह कहने के लिए मेरी तपस्या में कमी रह गई, जो किसानों को समझा नहीं पाए। उनके वक्तव्य में किसानों की पीड़ा कहीं नहीं झलकी थी। अब ऐसा ही कुछ पहलवानों के साथ हो रहा है। इन्हीं महिला पहलवानों पर श्री मोदी ने गर्व किया था कि वे देश के लिए पदक जीत कर लाई हैं। अतीत में प्रधानमंत्री ने क्रिकेट खिलाड़ी शिखर धवन की अंगूठे की चोट पर ट्वीट किया था कि आपकी कमी खलेगी, जल्दी स्वस्थ हों। जब प्रधानमंत्री को एक क्रिकेटर की चोट पर इतनी चिंता हो सकती है, तो उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को जीत दिलाने वाली महिला पहलवानों के टूटते हौसले की फिक्र क्यों नहीं हो रही।

जनवरी से लेकर अब तक कितना कुछ सहन कर लिया है महिला पहलवानों ने। पहले भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष रहे ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत की, तो मामला जांच समिति को सौंप दिया गया। वहां से इंसाफ की कोई सूरत नजर नहीं आई तो जंतर-मंतर पर धरना दिया, वहां से उन्हें खदेड़ दिया गया, तो उन्होंने संसद की चौखट तक पहुंचने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उन्हें बलपूर्वक रोक लिया गया। गिरफ्तारी होनी थी आरोपी की, लेकिन महिला पहलवानों को गिरफ्तार कर लिया गया। पहलवानों ने अपने पदकों को गंगा में बहाना चाहा, तो उन्हें किसानों ने समझा-बुझा कर रोक लिया, हालांकि सरकार तब भी चुप ही रही।

# यूरोपीय संघ की संसद में मणिपुर

भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका के राजकीय अतिथि बनने के बाद अब फ्रांस में राष्ट्रीय दिवस यानी बैस्टिल दिवस की परेड में मुख्य अतिथि बन रहे हैं। विदेशों में मिल रहा यह सम्मान भारत के लिए गर्व की बात है। भाजपा इसे विश्वगुरु बनने की ओर एक और कदम घोषित कर सकती है। लेकिन इन सम्मानीय घटनाओं के साथ-साथ जो और हलचलें वैश्विक परिदृश्य में भारत को लेकर चल रही हैं, उन्हें नजरंदाज नहीं किया जा सकता। जब प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर गए थे, तो वहां पहले ही भारत में लोकतंत्र की स्थिति को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए थे। कम से कम 75 सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन को पत्र लिखकर उन्हें राजकीय भोज पर आमंत्रित न करने की अपील की थी।

श्री मोदी के अमेरिकी संसद में भाषण का भी कई सांसदों ने बहिष्कार किया था, इसके अलावा न्यूयार्क की सड़कों पर ट्रकों में भारत की उन घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया गया था, जिनमें किसी न किसी तरह लोकतंत्र या मानवाधिकारों का हनन हो रहा है और सरकार इन पर कुछ नहीं कर रही है।

अमेरिका से पहले श्री मोदी आस्ट्रेलिया गए थे, तो वहां बीबीसी की द मोदी क्वेश्चन नाम की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिस पर भारत में प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब श्री मोदी फ्रांस गए हैं, तब यूरोपीय संघ की संसद में मणिपुर पर सवाल उठ रहे हैं।

यूरोपीय संसद में बुधवार को होने वाली बहस का एजेंडा मणिपुर की हिंसा की निंदा और यूरोपियन यूनियन को भारत सरकार से बातचीत करने का निर्देश देना था। लेकिन भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। भारत ने इसे अपना आतंरिक मामला कहा है। जबकि यूरोपीय संसद चाहती है कि यूरोपियन यूनियन के आला अधिकारी भारत सरकार से बात कर इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कहें। इससे पहले भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गारसेटी ने मणिपुर में स्थिति से निपटने के लिए अमेरिकी मदद की पेशकश करते हुए कहा था कि यह एक 'रणनीतिक' नहीं , बल्कि एक 'मानवीय' मुद्दा है।

अमेरिका या यूरोपीय संघ को वाकई कोई हक नहीं है कि वे किसी और के आंतरिक मामलों में दखल दें। लेकिन फिर आप वसुधैव कुटुम्बकम को अपनी सुविधा से इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। हर देश की संप्रभुता का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके साथ ही लोकतांत्रिक शासकों को ऐसी व्यवस्था भी बनानी चाहिए कि देश के साथ-साथ नागरिक अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का भी सम्मान हो।

## दम्पति के परिवार को टूटने से पुलिस ने बचाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला थाना पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दम्पति के परिवार को टूटने से बचाया।

रविवार को शंकर बाजार खटिकाना कोतवाली कर्वी की श्रीमती रामवती पत्नी छोटेलाल प्रजापति ने महिला थाना में दिये पत्र में कहा कि पति छोटेलाल प्रजापति मारपीट एवं गाली-गलौज करते हैं। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया की टीम ने शिकायत को विस्तार से समझकर दूसरे पक्ष को थाने बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दोनो पक्षों को तालमेल से रहने की सलाह दी। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, सिपाही नीतू द्विवेदी, स्नेहा राजपूत शामिल रही।

## पाल महासभा के पदाधिकारी चयनित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय पाल महासभा ने संरक्षक मंडल के सदस्य रामरूप पाल की मौजूदगी में मानिकपुर ब्लाक के अगरहुडा गांव में रामकुमार पाल की अध्यक्षता में बैठक की। संचालन विनय कुमार पाल ने किया।

रविवार को अखिल भारतीय पाल महासभा के जिलाध्यक्ष कुबेर पाल ने अतिथयों का आभार जताया। बैठक में खासतौर से शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कुरीतियों को लेकर चर्चा हुई। प्रमुख रूप से शारदा प्रसाद, रामचरण पाल, राजकुमार, शिव भगवान, प्रभु दयाल पाल, चुनकूराम पाल, ननकू पाल, भोला पाल, सुरतिया पाल, राजकुमार पाल, नत्थू पाल, नरेन्द्र पाल, धनपद, राम औतार पाल, तेज प्रकाश पाल, अंकित पाल, मनोज पाल, जगन्नाथ पाल, गुड्डू पाल आदि ने विचार रखे। पदाधिकारियों का चयन हुआ। मानिकपुर ब्लाक के ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश कुमार पाल अगरहुडा, तहसील अध्यक्ष भगवानदीन पाल हनुआ, न्याय पंचायत अध्यक्ष जगन्नाथ पाल, ब्लॉक सचिव शारदा प्रसाद पाल, मानिकपुर ब्लाक से जिले में पदाधिकारी शिवभवन पाल, रामाकोल, प्रेम नारायण मास्टर बनाये गये।

## कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे में चोरी का किया खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में कोतवाली कर्वी पुलिस ने चोरी की घटना का 24 घंटे के अन्दर खुलासा कर एक चोर को दो कटर मशीन समेत दबोचा है।




ज्ञात है कि 14 जुलाई को कोतवाली कर्वी के छेछरिहा बुजुर्ग के अमित कुमार ने सूचना दी कि अज्ञात चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर कटर मशीन से दीवार काटकर चोरी कर ले गये। पुलिस ने मामला दर्जकर चैकी प्रभारी रगौली जेल श्याम देव सिंह की टीम को विवेचना सौंपी। उन्होंने मिथलेश कुमार पटेल पुत्र राम प्रताप निवासी छेछरिहा बुजुर्ग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो कटर मशीन बरामद की। चोरी का माल भी बरामद हुआ। 24 घंटे के अन्दर चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। टीम में चैकी प्रभारी रगौली जेल श्याम देव सिंह, सिपाही शिवपूजन, संजय पाल शामिल रहे।

## पेयजल को जनता परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीतापुर मन्दाकिनी भवन के आसपास के क्षेत्रों में दो दिनों से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। जल संस्थान के लोग फोन नहीं उठा रहे। सैकडों लोगों के फोन करने के बाद भी जल संस्थान के कानों में जूं नहीं रेंग रही। जनता पेयजल को परेशान है। जल संस्थान के अधिशाषी अभियंता व अवर अभियंता लोगों के फोन नहीं उठा रहे। लोग पेयजल को खासे परेशान हैं।

# हरियाली अमावस्या पर श्रद्धालुओं पर होगी फूलों की वर्षा

## डीएम-एसपी ने पुलिस बल को दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रावण मास की सोमवती अमावस्या मेला को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी वृंदा शुक्ला ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने कहा कि श्रावण मास की सोमवती अमावस्या मेला का पर्व है। शासन से भी सख्त निर्देश हैं कि मेला सकुशल संपन्न करायें।

रविवार को बैठक में डीएम ने कहा कि कुछ मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी और पुलिस फोर्स पहले भी मेला में ड्यूटी किये होंगे। कोई भी प्रतिस्थानी के न आने तक ड्यूटी न छोड़े। सभी लोग रामघाट महत्वपूर्ण बिंदु में मंदाकिनी गंगा में लगे मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी ध्यान देंगे। मंदाकिनी गंगा में बैरिकेडिंग के आगे स्नान किसी भी श्रद्धालु को न करने दें। उन्हें रोके, ताकि कोई हादसा न हो। सुनिश्चित करना है कि मत्तगजेन्दनाथ शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं को आने-जाने की समुचित व्यवस्था रहे। किसी भी श्रद्धालुओं को समस्या नहीं होनी चाहिए।

परिक्रमा मार्ग पर दुकानें किसी भी दशा में नहीं लगना चाहिए। ईओ नगर पालिका को निर्देश दिए कि रामघाट परिक्रमा मार्ग समेत पूरे मेला क्षेत्र में अच्छी तरह से साफ-सफाई करवा दें। अन्ना पशु किसी भी दशा में नहीं घूमने चाहिए। ट्रैफिक प्लान के अनुसार वाहनों को आने-जाने दिया जाए। यूपी तिराहा से रामघाट की तरफ सभी वाहनों पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया है। परिक्रमा मार्ग पर भी मोटरबाइक नहीं जाना चाहिए।



स्वास्थ्य विभाग एंबुलेंस एवं खोया पाया केंद्र पर स्वास्थ्य टीम लगाएं। प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी दायित्व को निभाकर मेला को संपन्न कराएं। शासन से निर्देश हैं कि पुष्पक विमान से सोमवार अमावस्या के दिन सुबह सात बजे से बेड़ीपुलिया से रामघाट मंदाकिनी गंगा किनारे पुष्प वर्षा की जाएगी। जिसे देखने को लोगों की भीड़ एकत्र हो सकती है। इसके मद्देनजर सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी मुस्तैद रहकर भीड़ को रोके।

एसपी वृंदा शुक्ला ने जीआरपी के अधिकारियों से कहा कि ट्रेन से काफी तीर्थयात्री मेला में आते हैं। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने को ट्रेन के ऊपर कोई भी तीर्थयात्री न बैठने पाए। स्टेशन पर जिन पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगी है, वह देखें कि किसी यात्री को परेशानी न हो। वाहनों पर अधिक सवारी न भरने पाए। टेंपो, टैक्सी, ई-रिक्शा पर विशेष नजर रखें। नाबालिक बच्चों को ई रिक्शा चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

ड्यूटी स्थल पर सभी अधिकारी-कर्मचारी समय से पहुंचे। प्रतिस्थानी के आने के बाद ही स्थान को छोड़ें। सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर मेला को सम्पन्न करायें। किसी भी श्रद्धालु के साथ अभद्रता नहीं होनी चाहिए। अपनी सीमा में रहकर कार्य करना है। रामघाट पर मंदिर के साथ मंदाकिनी नदी पर भी ध्यान देने की जरूरत है। बारिश के समय कभी भी मंदाकिनी का पानी बढ़ सकता है। पैनी नजर रखें। भगदड़ नहीं होनी चाहिए।

## प्रधानों ने भुगतान न होने तक गौशाला संचालन में जताई असमर्थता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रधान संघ मऊ ने बैठक कर जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन एसडीएम मऊ को सौंपा। वर्ष 2022 से लंबित गौशाला संचालन व मनरेगा मद भुगतान न होने की चर्चा की।

शनिवार को प्रधान संघ की बैठक मऊ ब्लाक सभागार में गौशाला संचालन से लेकर मनरेगा कार्यों को कराने के बाद भुगतान में आ रही दिक्कतों पर हुई। प्रधानों ने कहा कि गांवों में प्रधान गौशालाओं का संचालन करते है। पिछले दिसंबर, जनवरी, फरवरी व मार्च माह के भरण-पोषण का भुगतान नहीं हुआ है। प्रधानों ने निजी व्यवस्था से गौशाला संचालित की है। खरीफ फसलों की बुवाई में फिर गौशालाओं का संचालन होना है। प्रधानों ने तय किया कि पिछले चार माह का भुगतान न होने तक गौशाला संचालन में असमर्थ है। मनरेगा में सामग्री मद के भुगतान की गंभीर समस्या है। बीडीओ का तबादला होने से दिक्कतें है। सामग्री मद का पैसा शासन से आवंटित हो रहा है। बीडीओ डोंगल एक्टिवेट न होने से भुगतान नहीं कर रहे। प्रधानों ने बैठक में मौजूद सांसद आरके सिंह पटेल, क्षेत्रीय विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी व एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समस्याओं के निराकरण की मांग की है। इस दौरान प्रधान संघ जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ल, मऊ ब्लाक अध्यक्ष प्रभात पांडेय, पूनम सिंह, मीरा देवी, उर्मिला, गोमती, कृष्ण कुमार, ज्ञान सिंह, चुन्नी देवी, राजेन्द्र सिंह, बुद्दीलाल, रचना देवी, शिव कुमारी, कुसुमा देवी, दरबारीलाल आदि मौजूद रहे।

## बघौडा गांव में प्रधान सचिव की मनमानी से हो रहे सरकारी जमीनों पर कब्जे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के बघौडा गांव के प्रधान व सचिव की मनमानी से चहेते ठेकेदारों को विकास कार्यों का जिम्मा सौंपा था। ठेकेदारों ने मनमानी से मानक विहीन कार्य कराकर सरकारी धन हड़पने का काम कर रहे हैं।

रविवार को बघौडा गांव में मनरेगा से कराए रामसनेही के घर से शिवकुमार के घर तक इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य, सुंदरवा के दरवाजे से कलुवा के घर तक इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण कार्य, रामसनेही के घर से ननकौना के घर तक इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण कार्य, धेरहा बाबा से मेनरोड तक इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण कार्य, पंभिया तालाब में इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य व पंभिया तालाब में बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य में घोर धांधली सामने आई है। ठेकेदार ने मानक विहीन कार्य कराकर सरकारी धन को ठिकाने लगाया है। जिम्मेदार अधिकारियों ने बिना स्थलीय निरीक्षण के मनमानी ढंग से भुगतान कर दिया है।

प्रधान ने प्रधानी संभालते ही अवैध कमाई के चलते चारपहिया वाहन का स्वामी बन गया है। प्रधान ने मनमानी करते हुए हैंडपंप मरम्मतीकरण के नाम पर आए पाइपों की रेलिंग अपने घर में लगवाकर सरकारी धन का बंदरबाट किया है। इस मामले में प्रधान व सचिव की मिलीभगत देखने को मिल रही है। गांव स्थित तालाब में अतिक्रमणकारियों ने प्रधान की मेहरबानी से कब्जा कर लिया है। तालाब की सरकारी जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही। सरकार व सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन हो रहा है। बाबा का बुलडोजर ऐसे लोगों पर नहीं गरज रहा। बघौड़ा प्रधान की मिलीभगत से सरकारी जमीनों पर खूब अवैध कब्जे नजर आ रहे हैं। भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय सिंह राणा ने जिलाधिकारी से बघौडा गांव के कार्यों की जांच की मांग की है।

## गांवों में रोजगार को पैदा करें लघु उद्यम: एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला ने बरगढ में स्वदेशी खादी महोत्सव का उद्घाटन किया। एसडीएम ने कहा कि गांवों में लोग रोजगार को लघु उद्यम करें। स्वरोजगार के जरिए लोग खुद अपने पैरों पर खड़े होते हैं। कई अन्य लोगों को रोजगार देने में सक्षम हो जाते है। रविवार को एसडीएम नवदीप शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कार्यक्रम को लेकर उत्साह रहता है। आयोजकों को यहां आने वाले ग्रामीणों को भरोसा बरकरार रखना चाहिए। ऐसे आयोजनों से अन्य युवाओं को भी स्वरोजगार को प्रेरणा मिलती है। अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी देखी। इसमें क्राकरी, भदोही का कारपेट, किचनवेयर, खादी कपड़ा, कुर्ती, रेडीमेड कपड़े, लखीमपुर खीरी के जूते और बच्चों के मनोरंजन झूले और खाने पीने का सामान और उज्जैन की फेमस मटका कुल्फी भी है। इस दौरान बरगढ़ थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह, फॉरेस्टर वन विभाग राणा सिंह मौजूद रहे।

## महिला ग्राम प्रधान सहित परिवार पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला

**वाराणसी। जन्सा थाना** क्षेत्र के आराजी लाईन ब्लाक के गहरपुर गांव की महिला ग्राम प्रधान और उनके बेटियों पर दबंगों ने शुक्रवार की रात जानलेवा हमला कर दिया। हालांकि तीनों बाल-बाल बच गए। तहरीर पर पुलिस ने जाँच शुरू कर दी है। प्रधान उर्मिला देवी घर पर बेटियों के साथ थी।

इसी दौरान रात आठ बजे गांव के चार मनबढ़ दबंगों ने कई अज्ञात लोगों के साथ लाठी डंडा लेकर प्रधान के घर मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। शोर गुल सुन कर प्रधान पति राम शिरोमणि वर्मा और आसपास के लोग पहुँचे इसके पहले महिला प्रधान और उनकी दोनों पुत्री को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए मंगलसूत्र और सोने की चेन लूटकर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों का इलाज सीएचसी पर कराया। थानाध्यक्ष जन्सा राकेश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर के आरोपियो के खिलाफ जांच पड़ताल की जा रही है।उधर सूचना मिलने पर शनिवार सुबह जन्सा थाने पर रोहनियां के पूर्व विधायक महेंद्र सिंह पटेल, प्रधान संघ अध्यक्ष मुकेश पटेल सहित आसपास के ग्राम प्रधानो ने पहुँच कर एसीपी अंजनी कुमार सिंह के थाने पर पहुँचने पर आरोपियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग रखी है। इस दौरान महेंद्र पटेल, मुकेश पटेल, संतोष यादव, राम बाबु राजभर, विजय राजभर, राम प्रकाश पटेल, दीलिप पटेल, रामबाबु राम, राजेश पटेल, अभिमन्यु राम, राजकुमार गुप्ता, रामपूजन पटेल, मनोज वर्मा, शिव राजभर, विजय गुप्ता सहित कई गाँव के प्रधान और ग्रामीण मौजूद थे।

## किशोरी की अगवा करने के मामले में अभियुक्त को सुनाई पांच साल की सजा, ठोका 10 हजार रुपए जुमार्ना

**महोबा। अपर** जिला सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (पास्को अधिनियम) महोबा अल्का चौधरी ने किशोरी को अगवा करने के मामले में अभियुक्त को पांच साल की साश्रम सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपए का जुमार्ना भी ठोका। जुमार्ना अदा न करने पर अभियुक्त को 4 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पडेगी। अदालत ने जुमार्ने की आधी धनराशि पीडिता को देने के भी आदेश दिये।

एक जून 2021 को जनपद उन्नाव के ग्राम नवीन नगर थाना अगजैन निवासी मोहित शर्मा पुत्र मखलू शर्मा थाना खन्ना के एक गांव निवासी 14 वर्षीय एक किशोरी को उसके भाई के घर से बहला फुसलाकर ले गया था। किशोरी अपने साथ 20 हजार रुपए और मोबाइल भी ले गई थी। पीडिता के पिता ने थाना खन्ना में अभियुक्त मोहन शर्मा के खिलाफ अपहरण व पास्को अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार को अपर जिला सत्र न्यायालय ने दोनो पक्षो के दलीले और बहस सुनने के बाद अभियुक्त मोहित शर्मा को दोषी ठहराते हुये 5 साल की सजा और 10 हजार रुपए को जुमार्ना ठोका। मुकदमें की सरकार पक्ष की ओर पैरवी कर रहे डीजीसी पुष्पेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अदालत में लौगिंग अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम की धारा 8 के आरोप में 4 वर्ष का साश्रम कारावास और 5 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पडेगी। डीजीसी ने बताया कि मोहित शर्मा द्वारा पूर्व में जेल मे बिताई गई अवधि इस सजा में समायोजित की जायेगी। साथ ही दोनो सजायें साथ साथ चलेगी। उन्होने बताया कि अपील अवधि बीत जाने पर उच्च न्यायालय के आदेश पर पीडिता को जुमार्ने की आधी धनराशि प्राप्त होगी।

## पिता को लेकर स्टेशन में हुआ ड्रामा

### बाप बडा न भैया, सबसे बडा रुपैया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कहते हैं बाप बड़ा ना भैया, सबसे बड़ा रुपैया ये कहावत जिले में देखने को उस समय मिली जब संपत्ति के लालच में तीन बेटों ने पिता को अपनी-अपनी ओर खींचने का ड्रामा किया।




ये मामला भरतकूप थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव का है। बताया गया कि विजयकांत पांडे अपने पिता और बीवी बच्चों के साथ दिल्ली में रहते हैं। वह पिता को गांव लेकर आए थे। वापस दिल्ली जाने को कर्वी रेलवे स्टेशन में दो बडे भाई मां के साथ पहुंच गए। पिता को छोटे भाई के साथ दिल्ली जाने से मना करने लगे। पिता को अपने साथ ले जाने को लेकर तीनों भाइयों में बहस होने लगी। एक तरफ दो बड़े भाई व मां उन्हें गांव ले जाने को अपनी खींच रहे थे, वहीं विजयकांत व बहू दिल्ली ले जाने को खींच रहे थे। संपत्ति के लालच में तीनो भाई पिता को साथ ले जाने को ड्रामा करते रहे। जीआरपी और आरपीएफ ने दोनों पक्षों को शांत कराकर संपत्ति का विवाद न्यायालय में जाने की बात कहकर घर भेज दिया।

## दो के कब्जे से 60 पाउच देशी शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में मऊ पुलिस टीम ने संतोष यादव पुत्र रामलाल यादव, लाला कोल पुत्र मिठाईलाल कोल निवासी अहिरानपुर मजरा खंडेहा के कब्जे से 60 पाउच मस्तीहू की देशी शराब बरामद की है। अभियुक्तो के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा बालकिशुन, सिपाही नागेश कुमार व मो अदनान शामिल रहे।

## अमावस्या मेले में भी चलाया स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 78वां स्वच्छता अभियान जिलाधिकारी की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन के तहत कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में चल रहा है।



रविवार को ईओ लालजी यादव ने बताया कि बचपन से ही बच्चों में सफाई की आदत डालनी चाहिए। स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक भी करना चाहिए। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने बताया कि स्वच्छ भारत का सपना महात्मा गांधी ने देखा था। समाज में बदलाव देखना चाहते हैं तो हमें खुद में बदलाव लाना होगा। स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार होना पड़ेगा। कहीं भी जायें मनुष्य रूपी शरीर कचरा वहां तक फैला है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि विचार करना चाहिए कि गंदगी करते हैं और फिर नाराज होते हैं। यहां पर बहुत गंदगी है। खुद कूड़े का निस्तारण सही ढंग से करने लगे तो आसपास सफाई बनी रहेगी। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गांधीजी ने स्वच्छता को सेवा का भाव कहा था। इस अभियान में सभासद शुभम केसरवानी, अधिवक्ता गया प्रसाद द्विवेदी, जितेंद्र केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, सुमित केसरवानी, राजेंद्र गुप्ता, स्वच्छता प्रभारी विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।


## UAE में प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में आयोजित भोज में परोसे गए शुद्ध शाकाहारी व्यंजन

**अबू धाबी:** संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में आयोजित भोज में पूरी तरह से शाकाहारी व्यंजन परोसे गये। यहां स्थित राष्ट्रपति महल कस्र-अल-वतन में आयोजित भोज की शुरुआत हरीस (गेहूं) और खजूर के सलाद से हुई, जिसे स्थानीय सब्जियों के साथ परोसा गया था और उसके बाद मसाला सॉस में 'ग्रिल्ड (भुनी हुई) सब्जियां परोसी गईं। गणमान्य व्यक्तियों को फूलगोभी और गाजर तंदूरी के साथ काली दाल और स्थानीय गेहूं परोसी गई। साथ ही स्थानीय मौसमी फल भी परोसे गए। भोज के व्यंजन सूची पर लिखा गया था, ''सभी भोजन शाकाहारी हैं और वनस्पति तेल से तैयार किए गए हैं और इसमें कोई डेयरी या अंडा उत्पाद नहीं हैं। प्रधानमंत्री संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर एक दिवसीय यात्रा पर अबू धाबी में हैं।



## अमेरिका के उत्तरी डकोटा में जबरदस्त फायरिंग, एक पुलिस अधिकारी की मौत

**इंटरनेशनल डेस्क:** उत्तरी डकोटा के फार्गो में शुक्रवार को हुई गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के दौरान पुलिस पर गोली चलाने वाले संदिग्ध व्यक्ति की भी मौत हो गई। उसने बताया कि यह घटना एक व्यस्त सड़क पर अपराह्न तीन बजे से पहले हुई।पुलिस ने शुक्रवार देर रात एक बयान में कहा कि इस घटना में एक आम नागरिक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने गोलीबारी के संभावित मकसद या परिस्थितियों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी तथा मारे गये अधिकारी और संदिग्ध की पहचान भी नहीं बताई है। फार्गो पुलिस विभाग ने कहा कि इस मामले को लेकर जांच जारी है। फार्गो के मुख्य संचार अधिकारी ग्रेग शिल्डबर्गर ने शुक्रवार शाम कहा, हम लोगों से संयम रखने की अपील करते हैं। फार्गो पुलिस घटना की जांच कर रही है।



## ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानियों ने भारतीय छात्र पर हमला किया, लोहे की छड़ से पीटा, 'खालिस्तान जिंदाबाद' के नारे भी लगाए

**सिडनी :** चरमपंथी तत्वों की गतिविधियों का विरोध करने पर ऑस्ट्रेलिया में 23 वर्षीय एक भारतीय छात्र को खालिस्तान समर्थकों ने लोहे की छड़ से पीटा। मीडिया में आयी एक खबर में शुक्रवार को यह जानकारी सामने आई। 'ऑस्ट्रेलिया टुडे न्यूज% की खबर के मुताबिक, सिडनी के पश्चिमी उपनगर मेरीलैंड्स में छात्र को उस समय निशाना बनाया गया, जब वह सुबह किसी काम से निकला था। घटना के दौरान हमलावरों ने 'खालिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए। पीड़ित छात्र के हवाले से कहा गया, ''आज सुबह करीब साढ़े पांच बजे करीब 4-5 खालिस्तान समर्थकों ने मुझ पर हमला किया। उन्होंने कहा, ''जैसे ही मैं अपनी कार में बैठा, कुछ खालिस्तान समर्थक अचानक आ गए। उनमें से एक ने मेरे वाहन का बायीं ओर का दरवाजा खोला और मेरे चेहरे पर लोहे की




छड़ से हमला कर दिया। छात्र, जो चालक के रूप में भी काम करता है, ने कहा कि फिर उन्हें वाहन से बाहर खींच लिया गया और लोहे की छड़ से पीटा गया। उन्होंने बताया कि दो हमलावरों ने हमले की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की। पीड़ित छात्र ने कहा, ''वे लगातार 'खालिस्तान जिंदाबाद का नारा लगा रहे थे। उन्होंने कहा, ''लगभग पांच मिनट तक चली घटना के बाद हमलावर यह कहते हुए फरार हो गए कि खालिस्तान मुद्दे का विरोध करने के लिए यह मेरे लिए एक सबक होना चाहिए।

# शरीफ और जरदारी ने मुल्क के सियासी हालात पर मंत्रणा की

**लाहौर।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इनदिनों अपना अधिकांश समय पुराने सहयोगियों और कुछ नए राजनीतिक खिलाड़ियों के साथ गहन चर्चा में बिता रहे हैं। नेशनल असेंबली का कार्यकाल पूरा होने में चार हफ्ता बाकी है। इस समय सत्तारूढ़ गठबंधन आगामी आम चुनाव और कार्यवाहक व्यवस्था के आकार पर आम सहमति बनाने के लिए तेजी से प्रयासरत है। शरीफ ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और पाकिस्तान इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी प्रमुख जहांगीर खान के साथ लंबी चर्चा की है। शरीफ से मिलने जरदारी मॉडल टाउन स्थित उनके आवास पहुंचे। रात्रिभोज के बाद दोनों ने एक घंटे से अधिक समय



तक देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा की। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने ट्विटर पर बयान जारी कर यह जानकारी दी। बताया गया है कि दोनों नेताओं ने आम चुनाव समय पर कराने पर सहमति जताई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं ने नौकरशाह के बजाय किसी वरिष्ठ राजनेता को कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में चुनने का निर्णय लिया है। शहबाज शरीफ कह चुके हैं कि नेशनल असेंबली का कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह अगस्त में सरकार को कार्यवाहक व्यवस्था को सौंप देंगे। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री का चयन निवर्तमान प्रधानमंत्री करते हैं। इसके लिए विपक्ष के नेता से परामर्श लिया जाता है। अगर प्रधानमंत्री और नेता विपक्ष नेशनल असेंबली के विघटन के तीन दिनों के भीतर किसी को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त करने पर सहमत नहीं होते, तो वे स्पीकर को यह प्रक्रिया पूरी करनी होती है।

# दक्षिण कोरिया में बारिश से तबाही, 31 लोगों की मौत

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में तेज बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। देश का बड़ा हिस्सा बाढ़ की चपेट में है। अब तक कम से कम 31 लोगों की मौत हो चुकी है। 10 से ज्यादा नागरिक लापता हैं। हजारों लोग घरों को खाली कर पलायन कर चुके हैं। लोगों को बाढ़ प्रभावित राहत शिविरों में ठहराया गया है।

ओसोंग शहर में भूमिगत सड़क मार्ग जलमग्न है। यहां 19 वाहन फंसे हुए हैं।इन वाहनों में कितने लोग हैं, यह साफ नहीं हो



सका है। केंद्रीय आपदा एजेंसी के मुताबिक सबसे अधिक तबाही उत्तरी ग्योंग सांग प्रांत में हुई है। यहां भारी भूस्खलन हुआ है। घर ढह गए हैं। इस राज्य में 16 और दक्षिण चुंगचेओंग प्रांत में चार से अधिक लोगों की जान चली गई। हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

इसके अलावा दक्षिणपूर्वी काउंटी येओंगजू और केंद्रीय काउंटी चेओंगयांग में इमारतों के जमींदोज होने से मलबे में दबे तीन लोगों का दम निकल गया। गोएसन बांध पानी से लबालब हो गया है। देश के अन्य हिस्सों में भी जानमाल का बड़ा नुकसान हुआ है।

# यूएई के साथ सौ अरब डॉलर तक पहुंचेगा व्यापार, आईआईटी दिल्ली का खुलेगा कैम्पस

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत का व्यापार जल्द ही सौ अरब डॉलर तक पहुंचेगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई की अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बातचीत के बाद यह बात कही। दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने के लिए यूएई में आईआईटी दिल्ली का कैम्पस भी खोला जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी के यूएई पहुंचने पर राष्ट्रपति भवन कसर-अल-वतन में औपचारिक स्वागत किया गया। यहां यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने गर्मजोशी से गले लगाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। यूएई के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत करने के बाद हिन्दी में ट्वीट किया। उन्होंने ट्वीट में लिखा, मुझे आज अबू धाबी में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करने का मौका मिला। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों की चल रही प्रगति, सतत वैश्विक विकास को बढ़ावा देने में हमारे साझा हित एवं हमारे देशों और हमारे लोगों के बीच सहयोग को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे अबू धाबी आकर और आपसे मिलकर खुशी हुई है। गर्मजोशी से किए गए स्वागत के लिए और आपके द्वारा दिए गए सम्मान के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। हर भारतीय आपको एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है। मोदी ने शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापार, निवेश और रक्षा संबंधों समेत और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा द्विपक्षीय व्यापार 20 फीसदी बढ़ गया है।

हमने 85 अरब डॉलर का व्यापार हासिल कर लिया है और जल्द ही हम 100 अरब डॉलर का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। भारत और यूएई ने तीन महीने के भीतर ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देश अपनी साझेदारी को मजबूत करने के लिए नई पहल कर रहे हैं। दोनों देशों की मुद्राओं में व्यापार समझौते पर आज का समझौता इस मजबूत आर्थिक सहयोग और विश्वास को दर्शाता है।

## मेक्सिको में प्रतिष्ठित पत्रकार नेल्सन माटस की गोली मारकर हत्या

**मेक्सिको सिटी।** प्रतिष्ठित मैक्सिकन पत्रकार नेल्सन माटस की शनिवार दोपहर तीन बजे दक्षिण-पश्चिमी राज्य ग्युरेरो के तटीय रिसॉर्ट शहर अकापुल्को के उत्तर में एमिलियानो जपाटा में गोली मारकर हत्या कर दी गई। अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता ने माटस की हत्या की पुष्टि की है।

अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता के अनुसार समाचार वेबसाइट लो रियल डी ग्युरेरो के निदेशक माटस को एक स्टोर की पार्किंग में गोली मारी गई। गोली उनके सिर पर लगी। उन्होंने मौके पर दम तोड़ दिया। वह अपनी कार के पास जा रहे थे। मेक्सिको के पत्रकारों ने हत्याकांड की कड़ी निंदी की है। इससे पहले नेल्सन पर 29 अगस्त, 2017 को भी हमला किया गया था। इस हमले में वह बाल-बाल बच गए थे। मगर इसी साल मार्च में उनकी मां रीना बलबुएना की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस समय मेक्सिको के अकापुल्को में पत्रकारों पर हमले बढ़ रहे हैं। पिछले सोमवार को हथियारबंद लोगों ने फेसबुक पर समाचार पेजों के संचालक एलन कास्त्रो अबार्का को गोली मार दी। एक गोली उनकी बांह और दूसरी सिर पर लगी है। एलन की हालत अभी भी गंभीर है। एलन के पिता सेल्सो कास्त्रो भी पत्रकार हैं। दो साल में चार पत्रकारों की गोली मारकर हत्या की जा चुकी है। इनमें एक फोटो जर्नलिस्ट और एक रेडियो उद्घोषक शामिल है।



## नेपाल में विपक्षी यूएमएल ने कोशी राज्य सरकार को भंग करने की मांग की



**काठमांडू।** नेपाल में विपक्षी पार्टी सीपीएन (यूएमएल) ने कोशी राज्य सरकार को भंग करने की मांग की है। यूएमएल ने प्रांतीय सरकार को भंग करने की मांग करते हुए कहा है कि इसका गठन असंवैधानिक तरीके से किया गया है। यूएमएल के केंद्रीय सचिवालय की बैठक में उद्धव थापा के नेतृत्व वाली कोशी राज्य सरकार को सत्तारूढ़ गठबंधन से भंग करने की मांग की गई। यूएमएल ने दावा किया कि थापा के नेतृत्व वाली सरकार असंवैधानिक थी। यूएमएल के उप महासचिव प्रदीप ज्ञवाली ने सत्तारूढ़ दल पर संविधान विरोधी गतिविधियों का

**यूएमएल के केंद्रीय सचिवालय की बैठक में उद्धव थापा के नेतृत्व वाली कोशी राज्य सरकार को सत्तारूढ़ गठबंधन से भंग करने की मांग की गई।**

जब कोशी राज्य सरकार बनी तो विधानसभा अध्यक्ष बाबूराम गौतम ने इसका समर्थन किया। यूएमएल ने इस बात पर जोर दिया है कि स्पीकर को निष्पक्ष होना चाहिए और वह इसके खिलाफ गए। ये मामला कोर्ट तक पहुंच गया है। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने इस सप्ताह एक अंतरिम आदेश जारी किया और कोशी राज्य सरकार से दीर्घकालिक निर्णय नहीं लेने को कहा।

नेपाल के कोशी क्षेत्र में स्पीकर गौतम सहित 93 सांसद हैं, 47 सत्ता पक्ष में हैं और 46 यूएमएल और आरपीपी सहित विपक्ष में हैं।

## भारत ने नेपाल को उपहार में दीं 34 एम्बुलेंस और 50 स्कूल बसें

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य संस्थानों और शैक्षणिक संस्थानों को 34 एम्बुलेंस और 50 स्कूल बसें उपहार में दी हैं। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने रविवार को नेपाल के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अशोक कुमार राय की उपस्थिति में एम्बुलेंस और स्कूल बसों की चाबियां सौंपी। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के पालिकाओं के मेयर, लाभार्थी संगठनों के प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, नेपाली सरकार के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे। नेपाल के स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र की उच्च प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार भारतीय स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों में लाभार्थी संगठनों को उपहार के रूप में एम्बुलेंस और स्कूल बसें प्रदान करती रही है।



भारत ने 2021 में कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई में काठमांडू की मदद करने के अपने प्रयासों के तहत नेपाल को वेंटिलेटर से लैस 39 एम्बुलेंस उपहार में दी थी। इससे पहले साल 2020 में भी भारत ने महात्मा गांधी की 151वीं जयंती के अवसर पर नेपाल को 41 एम्बुलेंस और छह स्कूल बसें भेंट की थीं। 1994 से भारत ने अब तक नेपाल के विभिन्न जिलों में विभिन्न संघों को उपहार के रूप में 974 एम्बुलेंस और 234 स्कूल बसें प्रदान की हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## नेपाली कांग्रेस में देउबा को संसदीय दल के नेतृत्व से हटाने के लिए महामंत्री थापा सक्रिय

**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस के भीतर खींचतान बढ़ती जा रही है। कांग्रेस के भीतर एक गुट ने अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा को संसदीय दल के नेतृत्व से हटाने के लिए अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। नेपाली कांग्रेस के महामंत्री गगन थापा इन दिनों देउबा को संसदीय दल के नेता पद से हटाने के लिए सक्रिय हैं। हाल ही में वह कई अवसरों पर अपनी इस मंशा को जाहिर भी कर चुके हैं। उनका कहना है कि देउबा का विकल्प खोजा जाना चाहिए।

विराटनगर में थापा ने खुलासा किया कि वह संसदीय दल का नेता बनने के लिए गणित पूरा करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन नंबर आएगा, उस दिन संसदीय दल का नेता बनने की कोशिश करूंगा। नेपाली कांग्रेस के संविधान के मुताबिक संसदीय दल का नेता बनने के लिए सांसदों का बहुमत जरूरी है। देउबा से संसदीय दल के नेता का चुनाव हारने वाले थापा ने फिर नई कोशिश शुरू कर दी है।

कांग्रेस के नियम के अनुसार प्रधानमंत्री बनने के लिए संसदीय दल का नेता होना आवश्यक है। यथास्थिति में देउबा के अलावा नेपाली कांग्रेस का कोई अन्य नेता प्रधानमंत्री नहीं बन सकता।

नेपाली कांग्रेस नेपाल की संसद में सबसे बड़ी पार्टी है। प्रतिनिधि सभा में कांग्रेस के 88 सांसद हैं। देउबा के पास कांग्रेस संसदीय दल में स्पष्ट बहुमत है।



अगर थापा देउबा के पक्ष से 20 सांसदों को अपने साथ खींच सकें तो वह देउबा को संसदीय दल के नेता पद से हटा सकेंगे ।

## पाकिस्तान के रक्षामंत्री ने अफगानिस्तान को किया आगाह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को दहशतगर्दों को पनाह देने के लिए आगाह करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। मुल्क के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अफगानिस्तान 'पड़ोसी और भाईचारे वाले देश के रूप में अपने कर्तव्यों की उपेक्षा' कर रहा है। साथ ही दोहा शांति समझौते में किए गए महत्वपूर्ण दायित्वों का पालन भी नहीं कर रहा।

उन्होंने विशेष रूप से आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगान धरती के उपयोग पर गंभीर चिंता जताई। रक्षामंत्री का यह बयान पाकिस्तान के सशस्त्र बलों द्वारा अफगानिस्तान के भीतर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा प्राप्त सुरक्षित पनाहगाहों और आवाजाही की स्वतंत्रता के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करने के ठीक एक दिन बाद आया है।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की क्वेटा गैरीसन की यात्रा के बाद बयान जारी किया था। इसमें बलूचिस्तान के झोब कैंट में एक सैन्य प्रतिष्ठान पर हाल ही में हुए हमले के बारे में जानकारी दी गई थी।

जनरल मुनीर इस समय ईरान में हैं और दो दिनों की आधिकारिक यात्रा पर कल वहां पहुंचे हैं। बुधवार को हुए हमले में कुल नौ जवान शहीद हो गए जबकि सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में पांच आतंकियों को मार गिराया।



# इटली में रेल हड़ताल के चलते सैंकड़ों उड़ानें रद्द

इटली।इटली में ट्रेन परिचालन को ठप्प करने वाली रेल हड़ताल के बाद विमान परिवहन संघों के दो दिनों तक काम नहीं करने की योजना पर आगे बढ़ने के चलते सैंकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गई। पर्यटन के मौसम के चरम पर रहने के दौरान उड़ानें रद्द होने के चलते यात्रियों को वैकल्पिक योजनाएं बनानी पड़ रही हैं। इटली में गर्मियों के मौसम में अक्सर परिवहन कर्मी हड़ताल पर चले जाते हैं जिससे यात्री एवं पर्यटक फंस जाते हैं। मजदूर संघ कार्य करने की बेहतर दशा के लिए दबाव बनाते हुए हड़ताल करते हैं। नेशनल कैरियर आईटीएस ने कहा कि उसने 133 उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिनमें घरेलू उड़ानें अधिक थीं और कुछ उड़ानें मैड्रिड, एम्सटर्डम तथा बार्सीलोना जैसे यूरोपीय गंतव्यों के लिए भी थीं। सस्ती विमानन सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां रियानएयर और वुलिंग ने हड़ताल के कारण दर्जनों उड़ानें रद्द कर दी हैं।